## इसरो का वैज्ञानिक बताकर महिला से शांदी का झांसा देकर 42.64 लाख रुपये की ठगी

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे के वाकड इलाके में ऑनलाइन शादी करने की साइट के माध्यम से एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर से 42.64 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी जयेश पाटिल ने खुद को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का वैज्ञानिक बताकर शादी का झांसा देकर महिला का विश्वास जीत लिया। 28 साल की पीड़िता, जो हिंजवड़ी स्थित एक प्रतिष्ठित आईटी कंपनी में कार्यरत है, ने नवंबर 2024 में वेबसाइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। तभी आरोपी ने महिला से संपर्क कर शादी की इच्छा जाहिर की। जाँच में पता चला कि आरोपी ने धीरे-धीरे महिला का भरोसा जीता और भविष्य में साथ रहने तथा संपत्ति खरीदने के बहाने पैसों की मांग शुरू की। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच पीड़िता ने अलग-अलग किस्तों में कुल 42.64 लाख रुपये उसके खातों में ट्रांसफर कर दिए। महिला को तब शक हुआ जब उसने पाया कि आरोपी वास्तव में इसरो में कार्यरत नहीं है। वाकड पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 16.65 लाख रुपये फ्रीज कर बरामद किए, जबकि करीब 27 लाख रुपये की तलाश जारी है। आरोपी की पहचान जयेश पाटिल उर्फ आदर्श म्हात्रे, निवासी अलीबाग (रायगढ़) के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वह पहले भी इसी तरह के एक अन्य ठगी मामले में नवी मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार हो चुका है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म पर शिक्षित महिलाओं को निशाना बनाता था और ठगी की रकम से गोवा में कैसिनो समेत विलासी जीवन जी रहा था। अभी आरोपी 4 मार्च तक नवी मुंबई पुलिस की हिरासत में है। रिमांड खत्म होने के बाद वाकड पुलिस उसे अपने कब्जे में लेकर आगे की पूछताछ करेगी। घटना ने ऑनलाइन डेटिंग और मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म पर सावधानी बरतने की जरूरत पर फिर से जोर दिया है।

## पटियाला के शीश महल हेरिटेज फेस्टिवल पर मची भगदड़, दो युवक घायल

पटियाला (एजेंसी)। पटियाला के शीश महल में चल रहे हेरिटेज फेस्टिवल के आखिरी दिन पंजाबी गायक आर नैत के कार्यक्रम के लिए भारी भीड़ उमड़ी। आयोजकों द्वारा महंगी टिकटें बेची गई थीं, लेकिन पर्याप्त प्रबंध न होने के कारण लोग अंदर नहीं जा सके और गेट बंद कर दिए गए। कुछ लोग कार्यक्रम देखने के लिए शीश महल की ऊंची दीवारें फांदने लगे। इसी अफरातफरी में दो युवक दीवार से गिर गए और उनकी टांगें टूट गईं। दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि आयोजन में सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। कई लोग जिन्होंने महंगी टिकट खरीदी थी, उन्हें भी अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। घटना स्थल के पास बिजली की तारें भी थीं। यदि किसी का हाथ तारों से छूता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## पंजाब के सीएम ऑफिस का दफ्तर हाइजैक!

जालंधर (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखपाल खैहरा का पंजाब सरकार पर एक और हमला बोला है। खैहरा ने टवीट कर कहा है कि सी.एम. भगवंत मान के डीपीआरओ दफ्तर को रोजाना स्पोक्समैन से जुड़े एक करीबी व्यक्ति ने कथित रूप से अपने कब्जे में ले लिया है, जो आम आदमी पार्टी की राजनीति के अनचाहे प्रचार पर जनता के पैसे बर्बाद कर रहा है। खैहरा ने आरोप लगाया की रोजाना स्पोक्समैन का को-पार्टनर अमनदीप सिंह डी.पी.आर.ओ. को चला रहा है। उन्होंने कहा कि जिस दिन सरकार बदलेगी, इसका पूरा आडिट होगा और जितना पैसा फिजूलखर्ची पर गया है, उसका हिसाब लिया जाएगा।

## मुंबई में 4 जगहों पर एटीएस का छापा, चार गिरफ्तार, आतंकी कनेक्शन का शक

मुंबई (एजेंसी)। एक ओर जहां पूरे देश में होली का त्योहार बड़े जोश के साथ मनाया जा रहा है। मुंबई समेत महाराष्ट्र में भी होली का उत्साह चरम पर है, वहीं महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड यानि एटीएस ने मुंबई में एक बड़ी कार्रवाई की है। खबर है कि एटीएस ने मुंबई शहर के कुर्ला और गोवंडी में भीड़भाड़ वाली जगहों पर छापा मारा है। इस छापामारी से हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार एटीएस ने मुंबई में चार जगहों पर रेड मारी है। ये रेड शहर के गोवंडी और कुर्ला में भीड़भाड़ वाली जगहों पर की गई है। गोवंडी में तीन और कुर्ला में एक जगह पर छापा मारा गया है। इस कार्रवाई में पूछताछ के लिए चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। शक है कि इन चारों के किसी आतंकी संगठन से लिंक हैं। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड ने एक आतंकवादी संगठन के कथित ऑनलाइन प्रोपेगैंडा को लेकर मुंबई में तीन जगहों पर बड़ी रेड की। यह कार्रवाई सोमवार रात शुरू हुआ और देर रात तक चला। रेड के दौरान मोबाइल फोन और लैपटॉप समेत कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ज़ब्त किए गए और कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। यह रेड कुछ लोगों के डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए कट्टरपंथी सोच फैलाने और उसका इस्तेमाल करने के शक में की गई थी। गिरफ्तार किए गए युवाओं पर देशद्रोह रोकथाम कानून के तहत बैन एक आतंकवादी संगठन से संबंध होने का शक है। यह भी बताया गया है कि एटीएस को इस बात के पक्के सबूत मिले हैं कि गिरफ्तार किए गए लोगों के एक आतंकवादी संगठन से संबंध हैं।

## युवती का शव खेत में मिला, दर्ज कराया था दुष्कर्म का केस और कोर्ट में बयान होना था.....

फतेहपुर (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश में फतेहपुर जिले के गाजीपुर के एक गांव के बाहर एक युवती का शव खेतों में मिलने से सनसनी मच गई है। युवती ने इसके पहले दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। और इसके बाद युवती का कोर्ट में बयान भी होना था। लेकिन इसके पहले ही उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवती के गले और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं, जिससे हत्या की आशंका है। पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। केवगांव निवासी युवती का शव गांव से करीब एक किमी दूर चने के खेत में पड़ा मिला। परिजनों के मुताबिक रविवार की रात करीब 12 बजे वह लोग सो रहे थे। तभी बेटी घर से निकल गई। खोजबीन के बाद रात करीब ढाई बजे वह अचेत अवस्था में खेत में मिली। चेहरे व गले पर काले चोट के निशान भी मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका है। मृतक युवती की मां ने गांव के सुनील यादव पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने आरोप लगाया।

# अविमुक्तेश्वरानंद का योगी सरकार से सवाल... बताएं यूपी में गायों की संख्या में 4 प्रतिशत की कमी कैसे आई

### बीफ एक्सपोर्ट से जुड़ी कंपनियां सत्तारूढ़ दल को चंदा क्यों दे रही हैं?

**वाराणसी (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के काशी में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के गौ-माता को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि एक तरफ योगी सरकार गौ-रक्षा की बात करती है, दूसरी तरफ गौ-तस्करों से चंदा लेती है। यूपी में गायों की संख्या में 4 प्रतिशत की कमी आई है। डिप्टी सीएम मौर्य बताएं ऐसा क्यों है?

शंकराचार्य ने कहा कि 7 मार्च से ÷शंखनाद यात्रा÷ की शुरुआत होगी। जौनपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव होकर 12 मार्च को लखनऊ पहुंचेगी। जहां पर गौ-प्रतिष्ठा ध्वज स्थापना और गौ-माता की रक्षा के लिए धर्मयुद्ध के शंखनाद का कार्यक्रम प्रस्तावित है। डिप्टी सीएम मौर्य की बात पर उन्होंने कहा, यह सही बात है कि भारत का नागरिक देश में कहीं भी आने-जाने के लिए स्वतंत्र है। इसमें उन्होंने न कुछ गलत कहा है। न ही कोई अतिशयोक्ति की है। जहां तक सनातन धर्म का सवाल है, कोई भी सनातन धर्मी अपने गुरु के आगमन पर स्वागत करता है, यह हमारी परंपरा है। यह विचारणीय विषय है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछली जनगणना में यूपी में गायों की संख्या में 4 प्रतिशत की कमी आई है। अगर प्रदेश में गाय को खरोंच तक नहीं लगती, तब यह 4 प्रतिशत कमी कैसे हुई? यह कोई निजी आंकड़ा नहीं है, बल्कि सरकारी डेटा है। योगी सरकार को इसका स्पष्ट उत्तर देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया अगर कहा जा रहा है कि गौ-हत्या करने वालों की कोई औकात नहीं है, तब फिर बीफ एक्सपोर्ट से जुड़ी कंपनियां सत्तारूढ़ दल को चंदा क्यों दे रही हैं? उनका उद्देश्य क्या है? यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। इन सवालों का जवाब प्रदेश के मुखिया को देना चाहिए।



## झारखंड सीएम ने खाड़ी देशों में फंसे भारतीय को वापस लाने पीएम मोदी से किया आग्रह



रांची(एजेंसी)। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने खाड़ी देशों में बदलती स्थिति को बेहद चिंताजनक बताते हुए पीएम मोदी से वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए जरुरी कदम उठाने का आग्रह किया है। सीएम सोरेन ने आश्वस्त किया कि उनकी सरकार विदेश में फंसे राज्य के लोगों की हर संभव मदद करेगी। सीएम सोरेन ने एक्स पर लिखा- खाड़ी क्षेत्र में तेजी से बदल रही स्थिति चिंता का विषय है। उन्होंने पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से अनुरोध किया कि इस गंभीर परिस्थिति में जो भी भारतीय स्वयं को असुरक्षित या फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं, उन्हें सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए जरुरी कदम उठाया जाएं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम सोरेन ने खाड़ी देशों में रहने वाले झारखंड समेत देश के अन्य हिस्सों के प्रवासियों से सतर्क रहने की अपील की और आश्वासन दिया कि भारत आपके साथ खड़ा है। उन्होंने लिखा- विशेष रूप से झारखंड के जो लोग खाड़ी देशों में रह रहे हैं, उन सभी से अपील की कि किसी भी परेशानी में झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## खामेनेई की हत्या पर मोदी सरकार की चुप्पी, तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की लक्षित हत्या पर केंद्र सरकार के रुख की तीखी आलोचना की है। उन्होंने एक लेख के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि इस संवेदनशील वैश्विक घटनाक्रम पर भारत की चुप्पी तटस्थता नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटना है। सोनिया गांधी के अनुसार, सरकार की इस खामोशी से भारत की विदेश नीति की दिशा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े होते हैं।

सोनिया गांधी ने घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक मार्च को ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता की हत्या की पुष्टि की थी, जो अमेरिका और इस्राइल द्वारा किए गए लक्षित हमलों का परिणाम था। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक बड़ा विघटन करार देते हुए कहा कि चल रही राजनयिक वार्ताओं के बीच किसी सत्तारूढ़ राष्ट्राध्यक्ष की इस तरह हत्या करना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने इस विषय पर संसद में विस्तृत चर्चा की भी मांग उठाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। सोनिया गांधी ने तर्क दिया कि बिना किसी औपचारिक युद्ध की घोषणा के और कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या करना संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) की भावना के पूरी तरह विपरीत है। यह अनुच्छेद किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग पर रोक लगाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ऐसे कृत्यों पर सिद्धांत आधारित आपत्ति दर्ज नहीं करता, तो भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मानकों का क्षरण सामान्य हो जाएगा। उन्होंने भारत के ब्रिक्स साझेदारों और वैश्विक दक्षिण के देशों के रुख का हवाला देते हुए कहा कि भारत का वर्तमान रवैया गलत संकेत भेज रहा है, जो चिंता का विषय है।

# वकीलों को अपनी सफलता के लिए जिम्मेदारी से काम करना चाहिए

### -सीजेआई ने युवा विधि स्नातकों को सशक्त और व्यावहारिक का दिया संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि कानूनी व्यवस्था में जनता का विश्वास वकीलों के आचरण पर बहुत हद तक निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे में जनता का विश्वास उन लोगों की ईमानदारी और निरंतरता पर निर्भर करता है जो वकालत करते हैं। उन्होंने कहा कि हर पेशेवर निर्णय चाहे वह फीस, मुवक्किल की गोपनीयता हितों के टकराव या कोर्ट में व्यवहार से संबंधित हो, उस विश्वास को मजबूत या कमजोर करने में योगदान देता है। गांधीनगर में आयोजित गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह में सीजेआई सूर्यकांत ने युवा विधि स्नातकों को यह सशक्त और व्यावहारिक संदेश दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई द्वारा नैतिक आधारों पर जोर देना अहम है। वह भी तब जब आज के माहौल में जहां संस्थानों में जनता के विश्वास पर कड़ी नजर रखी जाती है।



सीजेआई सूर्यकांत ने छात्रों को याद दिलाया कि विश्वसनीयता धीरे-धीरे बनती है और जल्दी ही खो भी जाती है। वकीलों को न केवल अपनी सफलता के लिए बल्कि न्याय व्यवस्था के स्वास्थ्य के लिए भी जिम्मेदारी से काम करना चाहिए।

यह दीक्षांत समारोह ऐसे समय में हुआ जब भारतीय कानूनी व्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। देशभर में 17 लाख से ज्यादा पंजीकृत वकीलों और 50 करोड़ से ज्यादा लंबित मामलों के साथ, दक्षता और विशिष्ट क्षेत्र की विशेषज्ञता की जरुरत है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मेरे प्रिय स्नातकों इस पेशे में आपकी सही जगह क्या है, यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका सामना जल्द से जल्द करना जरुरी है, क्योंकि यह शायद ही कभी उन लोगों को पुरस्कृत करता है जो हर चीज में समान रूप से प्रयास करते हैं। उन्होंने साफ किया कि यह समझ तुरंत नहीं आती। यह अनुभव, आत्म-चिंतन और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से धीरे-धीरे विकसित होती है।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि विधि पेशे में विशेषज्ञता को महत्व दिया जाता है, न कि औसत दर्जे को। उन्होंने न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास को मजबूत करने के लिए ईमानदारी, प्रशिक्षण और अकादमिक जगत और व्यवहार के बीच के अंतर को पाटने पर भी बल दिया। सीजेआई ने युवा विधि स्नातकों को एक सशक्त और व्यावहारिक संदेश दिया। टी-20 क्रिकेट का उदाहरण देते कहा कि सूर्यकुमार यादव से डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने या बुमराह से चेज को संभालने की उम्मीद नहीं की जाती। उन पर भरोसा किया जाता है कि वे वही करेंगे जिसमें वे माहिर हैं और टीम इसी स्पष्टता के आधार पर बनाई जाती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी क्षमताओं को शीघ्र पहचानें और हर चीज में औसत दर्जे का बनने की कोशिश करने के बजाय उन्हीं क्षमताओं के इर्द-गिर्द अपना करियर बनाएं।

अपने संबोधन के आखिर में सीजेआई सूर्यकांत ने तैत्तिरीय उपनिषद के प्राचीन भारतीय ज्ञान का हवाला देते हुए स्नातकों को उनकी नैतिक जिम्मेदारी याद दिलाई। उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि सत्य बोलो, धर्म के मार्ग पर चलो। इसके जरिए से उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विधि में सफलता केवल कौशल पर ही नहीं, बल्कि चरित्र पर भी निर्भर करती है।

## पटना में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली

पटना (एजेंसी)। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना में कार्यकर्ताओं के साथ धूमधाम से होली मनाई। एक कार्यक्रम में वे 'पटना में राम खेले होली' गीत पर झूमते दिखाई दिए। उन्होंने मंच से फूल बरसाए, तालियां बजाईं और समर्थकों का उत्साह बढ़ाया। मंच के नीचे खड़ी महिलाओं ने उनसे फोटो खिंचवाने का आग्रह किया, तब उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि मोबाइल दीजिए, मैं ऊपर से ही फोटो खींच देता हूं। उन्होंने कहा कि होली के दिन भाषण नहीं, बल्कि गीत-संगीत का आनंद लेना चाहिए। कार्यक्रम में बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे। करीब 15-20 मिनट बाद नितिन नवीन कार्यक्रम से रवाना हो गए, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने कुर्ता फाड़ होली खेली और जमकर नृत्य किया। बिहार में होलिका दहन के साथ ही होली की धूम शुरू हो चुकी है। पूर्णिया में लगभग 40 फीट ऊंची होलिका का दहन किया गया। छुट्टियों के कारण ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही है। जनरल कोच फुल होने पर यात्री स्लीपर और एसी कोच में भी सफर कर रहे हैं। भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेल ने दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान और यूपी सहित 10 राज्यों के लिए 42 होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। साथ ही 150 अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी। होली को लेकर पूरे बिहार में पुलिस अलर्ट पर है। डीजे और अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाया गया है। हुड़दंग, अफवाह फैलाने और सड़क पर रेसिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अतिरिक्त पुलिस बल, होमगार्ड और केंद्रीय बलों की तैनाती कर 24 घंटे मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

# बिहार का तापमान पहुंचेगा 40 डिग्री सेल्सियस, मार्च से ही तपिश शुरू, मौसम विभाग ने किया अलर्ट

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में मार्च महीने की शुरुआत के साथ ही मौसम के मिजाज में तल्खी आने लगी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा विश्लेषण के अनुसार, इस साल गर्मी न केवल जल्दी शुरू हुई है, बल्कि यह सामान्य के मुकाबले कहीं अधिक तीखी और लंबे समय तक रहने वाली है। मौसम वैज्ञानिकों ने संकेत दिया है कि मार्च से लेकर मई तक राज्य का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर बना रहेगा, जिसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ना तय है।

मौसम केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, इस बार पूर्वी और पूर्व-मध्य भारत के हिस्सों में हीटवेव यानी लू चलने वाले दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। चूंकि बिहार इसी क्षेत्र में आता है, इसलिए राज्य के अधिकांश जिलों में अप्रैल और मई के दौरान भीषण लू का प्रकोप रहेगा। दक्षिणी और पश्चिमी जिलों में तो अभी से ही तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। इस साल की गर्मी की एक बड़ी विशेषता हीट आइलैंड प्रभाव होगी। शहरी क्षेत्रों में कंक्रीट की ऊंची इमारतें, पक्की सड़कें और वाहनों की भीड़ गर्मी को सोख लेती है और उसे देर रात तक छोड़ती रहती है। इसके कारण शहरों में रात के समय भी तापमान अधिक रहेगा और लोगों को उमस भरी गर्मी से



राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग का मानना है कि यह स्थिति मई के अंत तक बनी रहेगी, जिसके बाद ही प्री-मानसून की गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद है। प्रचंड गर्मी और लू के खतरों को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अभी से बचाव की तैयारी करने की सलाह दी है। शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) से बचने के लिए प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पानी, नींबू पानी, छाछ या ओआरएस का सेवन करना आवश्यक है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच, जब सूरज की किरणें सबसे तीखी होती हैं, बाहर निकलने से बचने की कोशिश करनी चाहिए। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो छाता, टोपी या सूती गमछे का प्रयोग जरूर करें। खान-पान में तली-भुनी चीजों की जगह दही, सलाद और ताजे फलों को शामिल करना शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मददगार साबित होगा। बच्चों और बुजुर्गों के प्रति विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है क्योंकि वे लू की चपेट में जल्दी आते हैं।

# ईरान पर हुए हमलों पर ओआईसी की चुप्पी मुस्लिम जगत के साथ धोखा

### -जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने की ओआईसी की आलोचना



**श्रीनगर (एजेंसी)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की आलोचना की। उन्होंने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों पर ओआईसी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए इसे पूरे मुस्लिम जगत के साथ धोखा बताया है। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए महबूबा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में ओआईसी का मूक दर्शक बने रहना बेहद निराशाजनक है।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा- यह बेहद परेशान करने वाला है कि जब अमेरिका और इजराइल ईरान की संप्रभुता के खिलाफ खुलेआम आक्रामकता कर रहे हैं, तब ओआईसी एक मूक दर्शक की भूमिका में है। ईरान के सर्वोच्च नेता की खामेनेई की शहादत पर इसकी चुप्पी और इसका दोष उल्टा ईरान पर ही मढ़ने की कोशिश न केवल चिंताजनक है, बल्कि बेहद शर्मनाक भी है। महबूबा ने इस बात पर जोर दिया कि ओआईसी को ईरान पर हुए इस दुस्साहसिक हमले की कड़ी निंदा करनी चाहिए थी, लेकिन उसने ईरान पर ही दोष मढ़ने की कोशिश की। ओआईसी के रुख को एपस्टीन गैंग की कार्रवाइयों का परोक्ष समर्थन बताते हुए उन्होंने कहा कि ईरान पर इस खुले हमले की निंदा करने के बजाय उसने चुप्पी साधना चुना है, जो परोक्ष रूप से एपस्टीन गैंग की कार्रवाइयों का समर्थन करता है। यह मुस्लिम समुदाय की सामूहिक अंतरात्मा और हितों के साथ एक बहुत बड़ा विश्वासघात है। ओआईसी पर यह आरोप पहली बार नहीं है। पहले भी कई मौकों पर ओआईसी को पाकिस्तान का प्रॉक्सी बताकर आलोचना की जाती रही है, जहां यह कश्मीर पर भारत-विरोधी बयान जारी करता है, लेकिन अन्य मुस्लिम मुद्दों पर चुप्पी साध लेता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महबूबा मुफ्ती की यह कड़ी प्रतिक्रिया उन हालिया घटनाक्रमों के बाद सामने आई है, जिनमें शनिवार तड़के अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की जान चली गई। इस घटना के बाद से ही वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव गहरा गया है।

# नेपाल चुनाव से पहले सील हुई भारत नेपाल सीमा, वाल्मीकिनगर बॉर्डर पर सन्नाटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल में 5 मार्च को होने वाले संविधान सभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। प्रशासनिक आदेशों के तहत वाल्मीकिनगर-त्रिवेणी बॉर्डर सहित अन्य संवेदनशील सीमा क्षेत्रों को 72 घंटे के लिए पूरी तरह सील कर दिया गया है। यह पाबंदी 2 मार्च की मध्यरात्रि 12 बजे से प्रभावी हो चुकी है, जो 5 मार्च की मध्यरात्रि 12 बजे तक जारी रहेगी। इस दौरान सीमा पार से होने वाले सामान्य आवागमन और वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारियों के अनुसार, यह कदम चुनाव सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत उठाया गया है। सीमा पर केवल एम्बुलेंस और अन्य अत्यंत आवश्यक आपातकालीन सेवाओं को ही गहन जांच के बाद आने-जाने की अनुमति दी जा रही है। यदि कोई नेपाली मतदाता भारतीय क्षेत्र से मतदान के लिए त्रिवेणी पहुंचता है, तो उसकी नागरिकता और मतदाता पहचान पत्र की कड़ाई से जांच करने के बाद ही उसे प्रवेश दिया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 6 मार्च की सुबह से सीमा पर स्थिति सामान्य कर दी जाएगी और आवागमन पूर्व की भांति सुचारू हो जाएगा।

चुनाव के मद्देनजर नेपाल सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब की बिक्री और वितरण पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। सीमा पार से किसी भी तरह की अवांछित गतिविधि को रोकने के लिए बिहार पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल लिया है। बगहा सहित सीमा से सटे जंगली रास्तों और नदी मार्गों पर गश्त तेज कर दी गई है। स्थानीय पुलिस प्रशासन के अनुसार, सीमावर्ती इलाकों में कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी असामाजिक तत्व चुनावी प्रक्रिया में बाधा न डाल सके। इस अंतरराष्ट्रीय सीलबंदी का मुख्य उद्देश्य सीमा पार से होने वाली घुसपैठ और तस्करी को रोकना है। नेपाल में संसदीय चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए दोनों देशों के सुरक्षा निकाय निरंतर संपर्क में हैं। एसएसबी के जवान आधुनिक उपकरणों और खोजी कुत्तों की मदद से हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि चुनावी निष्पक्षता बनाए रखने के लिए किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया जाएगा।



# वाह रे राशन पोर्टल! जनआधार में नाम फिर भी पोर्टल पर 'काम तमाम'

## एक महीने से Submitted पर अटकी जनता की आस




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राशन कार्ड में नए सदस्यों के नाम जोड़ने के लिए जिस पोर्टल को 'राहत' बताया जा रहा था, वह अब आमजन के लिए 'आफत' साबित हो रहा है। बड़े-बड़े दावों के साथ शुरू हुए इस पोर्टल को एक महीना बीतने को है, लेकिन स्थिति यह है कि आवेदन केवल Submitted ही दिखा रहे हैं। न पोर्टल आगे बढ़ रहा है, न अधिकारियों की फाइलें।

### पोर्टल की 'सर्जरी' की जरूरत: 150केबी में कैसे दिखेंगे दस्तावेज?

एक तरफ अधिकारी कहते हैं कि आवेदन के साथ वर्तमान राशन कार्ड, आधार, जनआधार, जन्म प्रमाण पत्र और मैरिज सर्टिफिकेट जैसे ढेरों दस्तावेज अपलोड करें। दूसरी ओर, पोर्टल पर फाइल साइज की लिमिट मात्र 150केबी रखी गई है।

» **सवाल:** इतने सारे दस्तावेजों को कंप्रेस (छोटा) करने पर उनकी क्वालिटी इतनी खराब हो जाती है कि कुछ भी पढ़ा नहीं जाता।

» **आशंका:** क्या विभाग ने यह 150केबी की लिमिट इसलिए रखी है ताकि बाद में 'दस्तावेज स्पष्ट नहीं हैं' का बहाना बनाकर आवेदन रिजेक्ट किए जा सकें? यदि अधिकारी को साफ दस्तावेज चाहिए, तो फाइल साइज कम से कम 1एमबी क्यों नहीं?

### » फुटबॉल बनी जनता: बीडीओ बोले हमारे पास डेटा नहीं, तो वेरिफिकेशन करेगा कौन?

आवेदन करने वाले लोग जब ब्लॉक कार्यालय चक्कर काटते हैं, तो जवाब मिलता है कि नए पोर्टल का डेटा उनके पास पहुँच ही नहीं रहा है। अब सवाल यह है कि अगर डेटा ब्लॉक स्तर पर नहीं है, जिला स्तर पर अटका है या राज्य स्तर पर फंसा है, तो इसका वेरिफिकेशन कौन करेगा? क्या जनता केवल पोर्टल पर स्टेटस चेक करने के लिए आवेदन कर रही है?

### सिस्टम की पेचीदगियां: पहले जनआधार सुधारो, फिर राशन कार्ड का सपना देखो

पोर्टल की शर्त है कि पहले जनआधार में नाम हो, फिर सबकी आधार सीडिंग हो, फिर ई-केवाइसी हो, और उसके बाद जनआधार-राशन कार्ड की मैपिंग हो। जब यह सारी प्रक्रिया जनआधार के वक्त पहले ही पूरी की जा चुकी है, तो राशन कार्ड पोर्टल पर दोबारा वही दस्तावेज क्यों मांगे जा रहे हैं? क्या विभाग को अपने ही 'जनआधार' डेटा पर भरोसा नहीं है?

### अधिकारियों से सीधे सवाल:

» जब जनआधार की पीडीएफ ही मांगी जा रही है, तो अन्य दस्तावेजों का दबाव क्यों?

» एक महीने से 'Submitted' पड़े आवेदनों पर अब तक एक कदम भी आगे कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

» क्या यह पोर्टल केवल सुर्खियां बटोरने के लिए खोला गया है या वाकई जनता को राशन दिलवाने के लिए?

» 'जनता ई-मित्रों के चक्कर काट-काटकर थक चुकी है। पोर्टल पर तकनीकी सुधार और अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं हुई, तो यह योजना केवल कागजी साबित होगी। '

खबर का असर

# सुभाषनगर वार्ड 64 में सड़कों की मरम्मत होने से आमजन में खुशी




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



सुभाषनगर वार्ड 64 में चंबल जल योजना के कार्य के दौरान कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए आम आदमी पार्टी के नेता हेमेन्द्र सिंह मेहता ने स्मार्ट हलचल न्यूज के माध्यम से सुभाषनगर क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों को शीघ्र ठीक करवाने की मांग पार्षद एवं प्रशासन से की थी। इस मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पार्षद एवं प्रशासन द्वारा सुभाषनगर वार्ड 64 में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ करवा दिया गया। सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने राहत महसूस की है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि पार्टी हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी क्षेत्र के विकास तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी।

# नाली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े, आधा दर्जन महिला पुरुष घायल



स्मार्ट हलचल

**मांडल।** मांडल कस्बे के खारोल मोहल्ले में नाली विवाद को लेकर दो समुदायों के लोगों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में करीब आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हो गए। सूचना मिलते ही मांडल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को डिटेन कर लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना में घायल लोगों को चिकित्सा जांच और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की है।मांडल के जमना पिता भेरू लाल खारोल ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार



सुबह 10 बजे मेरा पुत्र दीपक खारोल अपने कार्य से जा रहा था, अचानक गांव के ही समुदाय विशेष के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया वह बीच बचाव में आई महिलाओं वह बालिकाओं के साथ मारपीट की गई आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं पूर्व में भी अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर मारपीट के आरोप लगाए ।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर जमा हो गए।

# जिला अभिभाषक संस्था द्वारा विधायक कोठारी को वकीलों की समस्याओ को विधानसभा मे प्रश्न उठाने का किया निवेदन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राठौड़, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली ने विधायक अशोक कोठारी से मिलकर अधिवक्ताओ की समस्याओ के निराकरण के लिए विधानसभा मे प्रश्न रखने हेतु मांग पत्र सौपा।

अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि कार्यकारिणी ने विधायक कोठारी से निवेदन किया है कि वें जिस प्रकार जन समस्याओ के निराकरण के लिए विधानसभा मे प्रश्न रखते है उसी प्रकार अधिवक्ताओ की विभिन्न समस्याओ के निराकरण के लिए विधानसभा मे प्रश्न करने का



कार्यकारिणी ने 11 सूत्रीय मांग पत्र सौपा और निवेदन किया कि -

1 अधिवक्ता समुदस्य दूर दराज क्षेत्रो से जिला न्यायालय परिसर मे आकर प्रैक्टिस करते है उनके समुचित आवास की उपलब्धता नहीं हो पाती है, प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अधिवक्ता समुदाय हेतु एक कॉलोनी रियायती दर पर उपलब्ध करवाये। 2 राज्य की सभी आवासीय योजनाओं मे यथा नगर विकास न्यास, नगर निगम एवं आवासन मण्डल की सभी आवासीय एवं भूखंड योजनाओं मे अधिवक्ताओ हेतु न्यूनतम 5 प्रतिशत आरक्षण रखा जावे।

3 एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागु किया जावे।

4 न्यायालय परिसर मे महिला बार रूम बनाया जावे।

5 न्यायालय परिसर मे एक सुलभ काम्प्लेक्स व रिटायरिंग रूम बनाया जावे7 6 अधिवक्ताओ के लिए आरजीएचएस जैसी मेडिकल हेल्थ सुविधा प्रदान की जावें।

7 न्यायालय परिसर मे एक डाकघर की शाखा स्थापित की जावे।

8 न्यायालय परिसर मे एक डिस्पेंसरी स्थापित की जावे।

9 न्यायालय परिसर मे एक पुलिस चौकी स्थापित की जावे।

10. न्यायालय परिसर मे स्वच्छता हेतु स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति की जावे

11. अधिवक्ताओ के लिए राज्य स्तरीय टोल पर छुट प्रदान की जावे। उक्त सभी बिन्दुओ पर विधानसभा सत्र के दौरान प्रभावी पक्ष रखकर अधिवक्ता समुदाय को उक्त सुविधा प्रदान की जावे।

जिस पर विधायक श्री अशोक जी कोठारी द्वारा उक्त सभी समस्याओं को इसी विधानसभा सत्र में रखने की बात कही।

# शहर में अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त किया 55 केबिन हटाई, 32 लाख की कर वसूली



स्मार्ट हलचल | भीलवाडा

नगर निगम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी है । जिसके तहत 30 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर से अतिक्रमण हटाए गए और सड़क पर स्थित 55 केबिन हटाई साथ ही 32 लाख रुपए के नगरीय विकास कर की वसूली की । जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान तीव्र गति से जारी है। आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि निगम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्राइवेट बस स्टैंड एवं श्री गेस्ट हाउस के पास 55 कैबिने हटाई गई एवं HRJ कॉम्प्लेक्स के पास तथा श्री गेस्ट हाउस से सुभाष नगर थाने तक नाले पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए , कार्यवाही के दौरान 30 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण तोड़े गए। निगम द्वारा दिनांक 05 मार्च को नगरीय विकास कर की 32 लाख रुपए की वसूली की गई।

# गुरलां में 1100 साल पुराने लक्ष्मीनाथ मंदिर के नवनिर्माण की नींव रखी



स्मार्ट हलचल | गुरला


गुरलां स्थित 1100 साल पुराने लक्ष्मीनाथ मंदिर के नवनिर्माण के लिए गुरुवार को भूमिपूजन किया गया । गुरलां में गुरुवार को लक्ष्मीनाथ मंदिर नवनिर्माण को लेकर भूमिपूजन हुआ। इस शुभ घड़ी में गुरला में भगवान लक्ष्मीनाथ के 900-1100 साल पुराने मंदिर की नींव रखी गई। यहां का लक्ष्मीनाथ मंदिर को भव्य बनाया जाएगा। इसके लिए दानदाताओं द्वारा राशि दी जा रही है । गुरुवार को गुरला में लक्ष्मीनाथ मंदिर निर्माण नींव पुजन पंडितों के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर 5 ईंटों का नीवपूजन कर मंदिर नवनिर्माण की आधारशिला रखी गई। गुरला के पंडित पंकज दाधीच, प्रकाश दाधीच ने विधि विधान से भूमिपूजन करवाया।

इस अवसर गुरला ठिकाना के कु. महेन्द्र सिंह पुरावत, कजोडी मल सेन, घनश्याम शर्मा कारोई, गोवर्धन दाधीच, सुर्य प्रकाश पारीक, रतन सोत्रीय, रामचंद्र सुवालका, कमल किशोर त्रिपाठी, बालू राम दरोगा, रामपाल दाधीच, सत्यनारायण शर्मा, उदयराम सेन, हरक लाल सेन, सत्यनारायण सेन, ललित दाधीच, दीपक दाधीच, मुकेश सोनी, सत्यनारायण वर्मा, किशनदास, वासुदेव दाधीच, बाबु लाल दाधीच सहित कई लोग मौजूद रहे । मन्दिर नवनिर्माण समिति द्वारा कहा सभी धर्म प्रेमियों की मदद से मंदिर निर्माण जल्दी पूरा करा लिया जाएगा। इसके साथ ही सभी ठाकुर जी के भक्तों को मिठाई खिलाई और भक्तों ने लक्ष्मी नाथ ठाकुर के नारों से गूंज उठा।

# प्लास्टिक के कप में परोस रहे चाय:सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से उपयोग, सरकारी दावे कागजों तक सिमटे

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** एक ओर सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध और पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है।हमीरगढ़ नगर पालिका क्षेत्र,मंगरोप सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में चाय की थड़ियों और छोटी दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है।चाय,पानी और अन्य पेय पदार्थ प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कपों में परोसे जा रहे हैं,जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।स्थानीय हालात यह हैं कि प्रतिदिन सैकड़ों प्लास्टिक कप इस्तेमाल में लाए जाते हैं और उपयोग के बाद इन्हें खुले में फेंक दिया जाता है।यह प्लास्टिक कचरा नालियों,सड़कों और खेतों में फैलकर न केवल गंदगी बढ़ा रहा है,बल्कि मवेशियों और आमजन के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है।कई बार मवेशी



इस प्लास्टिक कचरे को खा लेते हैं,जिससे उनकी जान तक खतरे में पड़ जाती है।सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए नियम-कानून बनाए गए हैं।

साथ ही समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने और कार्रवाई के निर्देश भी जारी होते रहते हैं,लेकिन स्थानीय स्तर पर इन नियमों की प्रभावी पालना नहीं हो पा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प उपलब्ध होने के बावजूद दुकानदार लागत और सुविधा का हवाला देकर प्लास्टिक का ही उपयोग कर रहे हैं।प्रशासनिक अमला कभी-कभार कार्रवाई करता जरूर है,लेकिन वह भी औपचारिकता तक सीमित रह जाती है।कुछ दिनों बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं।हमीरगढ़ के पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाए। चाय की थड़ियों और दुकानों पर नियमित निरीक्षण हो,नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाए और कुल्हड़,कांच व स्टील जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा दिया जाए।पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने बताया कि प्लास्टिक के कप में चाय पीने से चर्म रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।उन्होंने लंबे समय से सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने की मांग करते हुए लोगों को कांच और स्टील के गिलास में चाय पीने की सलाह दी है।उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए,तो आने वाले समय में इसके दुष्परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतने पड़ेंगे।

# सांसद अग्रवाल के प्रयासों से दुबई में फंसा सोमानी परिवार कुशल भारत पहुंचा

**सांसद अग्रवाल ने कहा जब तक मेरी लोकसभा के सभी युद्ध में फंसे निवासी घर नही पहुंच जाते मे चेन की नींद नहीं सोऊंगा**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के सोमानी परिवार के छः सदस्य दुबई में युद्ध के चलते फंसे हुए थे परिवार के अभिभावकों ने भीलवाड़ा सांसद अग्रवाल से संपर्क कर मदद की गुहार की सांसद अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अविलम्ब दिल्ली दूतावास में बात की 12 घंटे के अंदर बच्चों के पास मदद पहुंचकर उन्हें रेस्क्यू कर सकुशल दिल्ली पहुंचा गया।।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सुबह 11:00 बजे लगभग बच्चे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए।। तब जाकर भीलवाडा सोमानी परिवार के सदस्यों राहत की सांस ली।

सोमानी परिवार ने सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद अग्रवाल का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

इस अवसर सांसद अग्रवाल ने कहा मेरा नैतिक कर्तव्य बनता है कि मैंने लोकसभा क्षेत्र का खाड़ी देशों में युद्ध जे चलते फंसा हुआ एक -एक सदस्य जब तक भारत सकुशल नहीं



पहुंचता मैं चैन की नींद नहीं सोऊंगा। भीलवाडा का एक अग्रवाल परिवार का बच्चा भी कुवैत में फंसा हुआ है साथ ही खाड़ी देशों में अन्य परिवार भी मदद की गुहार लेकर संसद कार्यालय पहुंचे। सांसद अग्रवाल ने आज विशेष जनसुनवाई करते हुए युद्ध के चलते फंसे हुए अरब देशों में मदद के लिए दिल्ली दूतावास कार्यालय पर संपर्क कर अन्य बच्चों के भी शीघ्र घर वापसी के प्रयास किये।

# गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के 64 पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 19 से 21 मार्च तक

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया वर्ष 2022 के लिए 19 मार्च से 21 मार्च तक महात्मा गांधी ग्राउण्ड, चेतक सर्किल के पास, उदयपुर में आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न होगी। समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमान्डेट श्री ललित व्यास ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाली इस नामांकन प्रक्रिया में केन्द्र के 64 रिक्त पदों के विरुद्ध 6415 अभ्यर्थी भाग लेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी। अभ्यर्थी दी गई लिंक/वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों जैसे मूल निवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सा प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र आदि के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01482-230118 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# फिल्मों गीतों पर रंगों से सराबोर हुई पुलिस, पुलिस लाईन में पुलिसकर्मियों ने मनाया होली पर्व

## जिला पुलिस अधीक्षक यादव व जिला कलेक्टर सिद्धु मौजूद रहे

स्मार्ट हलचल




पुलिस लाइन में आयोजित होली उत्सव को लेकर पहुंचे जिला कलेक्टर, जवानों के बीच जिला पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और थिरकते अन्य अधिकारी

**भीलवाड़ा।** शहर की पुलिस लाइन गुरुवार को पूरी तरह फागुनी मस्ती के रंग में सराबोर नजर आई। मौका था पुलिस परिवार के स्नेह मिलन और होली महोत्सव का। जहां अनुशासन की सख्त वर्दी पहनने वाले हाथ आज गुलाल और अबीर से रंगे दिखे, तो वहीं ड्यूटी की थकान को पीछे छोड़कर पुलिसकर्मी ढोल की थाप पर व साउंड सिस्टम पर चल रहे फिल्मी गीतों पर थिरकते नजर आए। अमूमन शहर जब त्योहार मनाता है, तब पुलिस के जवान घर की जिम्मेदारी, बच्चों व बड़े बुजुर्गों का ख्याल छोड़ सड़कों पर मुस्तैदी से सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे होते हैं। इसी सब त्याग की भरपाई गुरुवार को पुलिस लाइन के मैदान में जबरदस्त उत्साह के साथ हुई। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में पद की सब दीवारें ढह गईं। क्या सिपाही और क्या बड़े अधिकारी, हर कोई एक-दूसरे को सतरंगी गुलाल लगाकर गले मिलता नजर आया। साउंड सिस्टम पर बजते राजस्थानी और होली के गानों 'आडो डोडो चाले डोकरो नशो अमल को जोर को, म्हारो तेजल सुपर डुपर, जिला टोप लागेला, माई नेम इज लखन व धुरंधर के फैमस सोंग सहित अन्य कई फिल्मी गीतों ने समां बांध दिया। वहीं एसपी यादव खुद को अपने आपको जवानों व अधिकारियों के बीच नहीं रोक पाए और अपनों के साथ जमकर थिरके। इस दौरान पूरा माहौल उमंग और आपसी भाईचारे के रंग में रंगा रहा। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने भावुक होते हुए कहा, होली के मुख्य पर्व पर पुलिसकर्मी ड्यूटी में व्यस्त रहने के कारण अपने घरों से दूर रहते हैं। ऐसे में यह आयोजन उन्हें अपनेपन का अहसास कराता है। पूरा पुलिस परिवार एक साथ खुशियां बांटकर नई ऊर्जा प्राप्त करता है। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के लिए शहर के नागरिकों का आभार भी व्यक्त किया और कहा कि जनता का सहयोग ही पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि है। जिला पुलिस अधीक्षक यादव व जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा की हम इस मौके पर शहरवासियों का भी आभार व्यक्त करते हैं की उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से होली व धुलंडी पर्व को मनाया।

# ढ़ेलाणा में चंबल के पानी में आया जिंदा सांप का बच्चा

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव में चंबल के पानी में सांप का बच्चा निकलने का मामला सामने आया । ग्रामीण भंवरलाल जाट ने बताया कि उनके घर पर चंबल का कनेक्शन का नल लगा है, जिसमें उनकी पत्नी नल से पानी भर रही थी इसी दौरान चंबल के पानी के साथ सांप का जिंदा बच्चा निकल आया । अगर ऐसे में



पानी को बिना छाने ही पी जाते तो सांप का बच्चा पेट के अंदर भी जा सकता था।

# नए चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के सम्मान में आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा में हुआ 'हैंड होल्डिंग प्रोग्राम एवं नेटवर्क समिट'

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की भीलवाड़ा शाखा द्वारा 'हैंड होल्डिंग प्रोग्राम एवं नेटवर्क समिट' का आयोजन आईसीएआई भवन, पटेल नगर, भीलवाड़ा में नए पास हुए चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के सम्मान में किया गया। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम 1 मार्च 2026 को घोषित किया गया, जिसमें भीलवाड़ा शाखा के कई विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। इस अवसर पर शाखा द्वारा नव-निर्मित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

शाखा अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार ने बताया कि सफल विद्यार्थियों को उनके समर्पण और परिश्रम के लिए बधाई देते हुए शाखा द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों के अथक प्रयास और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल है, जिससे पूरी शाखा गौरवान्वित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि 'सीए बनने की यात्रा चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह न केवल एक बेहतरीन प्रोफेशनल बल्कि एक सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है।' सीए सुथार ने सभी नए बने चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, सीखते रहने और अपने पेशे में उत्कृष्टता व ईमानदारी बनाए रखने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए वी के सोडानी ने कहा कि सीए बनने के बाद किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच और समस्याओ की समाधान के लिए अग्रसर होने का दृष्टिकोण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में नई पीढ़ी को तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वैश्विक वित्तीय मानकों को अपनाते हुए अपने प्रोफेशन को नई दिशा देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जीवन में परीक्षाओ को केवल अंको के नज़रिए से नहीं देखना चाहिए बल्कि हमने कितना ज्ञान अर्जित किया उसके आकलन के नज़रिए से देखना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर विभाग के पूर्व सह आयुक्त सुरेन्द्र आगाल ने कहा कि 'सफलता की वास्तविक परिभाषा तब पूरी होती है जब आप समाज और देश के विकास में योगदान देते हैं। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास ही व्यक्ति को शीर्ष पर पहुँचाते हैं।'

शाखा सचिव सीए पुलकित राठी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम नव-निर्मित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं, क्योंकि ये उन्हें प्रैक्टिस, जॉब, बिज़नेस और स्टार्टअप्स से संबंधित अवसरों की जानकारी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी नए बने सीए अपने पेशे में दक्षता के साथ-साथ नैतिकता और ईमानदारी को भी प्राथमिकता दें तथा निरंतर सीखने के लिए प्रेरित रहें। उन्होंने नवोदित सीए सदस्यों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सिकासा अध्यक्ष सीए अशोक बोहरा ने बताया कि भीलवाड़ा के लिए ये गौरव का विषय है की इस बार भी ऑल इंडिया 45 रैंक पर बिगोद (भीलवाडा) के आयुष पगारिया ने स्थान प्राप्त किया। उन्होंने ये भी बताया की जनवरी 2026 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा में कुल 288 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 21 विद्यार्थियों ने बोथ ग्रुप तथा 36 विद्यार्थियों ने प्रथम ग्रुप और 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय ग्रुप में सफलता हासिल की। हमेशा की तरह इस बार भी भीलवाड़ा का परिणाम आल इंडिया की तुलना में बेहतर रहा।

शाखा उपाध्यक्ष सीए सत्यनारायण लाठी ने कहा कि यह 'हैंड होल्डिंग प्रोग्राम' नए सीए सदस्यों के लिए एक सशक्त मंच है, जहाँ उन्हें सीनियर प्रोफेशनल्स से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संस्थान से जुड़े रहें और अपने ज्ञान एवं अनुभव को समाज के हित में प्रयोग करें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के सचिव सीए निर्भीक गांधी ने अपने वक्तव्य में बताया कि चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आज देश की आर्थिक सशक्तता के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने नए सीए सदस्यों को देश की अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने, सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने और प्रोफेशन की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्य केवल लेखा और ऑडिट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के आर्थिक सुधार और सुशासन में अहम भूमिका निभाता है।'

सीए पुनीत कुमार मेहता ने बताया की कार्यक्रम के दौरान शाखा द्वारा सभी नए चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन एवं सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों, सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने नवोदित सीए सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शाखा के सीए आलोक सोमानी, कोषाध्यक्ष सीए अक्षय सोडानी, सीए दिनेश आगाल, सीए बलवीर डागलिया, सीए सीमा तोषनीवाल, सीए मयंक सुराना सहित लगभग 100 से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा 'अपराजिता, नारी शक्ति अनंता' कार्यक्रम 7 को

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'अपराजिता नारी शक्ति अनंता' नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च को होटल सेवन स्टोन में दोपहर 3.00 बजे से किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे आपसी संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान और सहयोग के माध्यम से अपने व्यवसाय को नई दिशा दे सकें। महिला इकाई की अध्यक्ष पल्लवी लढा ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला उद्यमियों के बीच सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देने और व्यवसायिक संभावनाओं को विस्तार देने का प्रयास किया जाएगा। इससे महिलाओं को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम प्रभारी रक्षा जैन और शोभा चोखड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष इमोशनल वेलनेस सत्र नेहा गोयल द्वारा लिया जाएगा। इस सत्र में महिलाओं को घर और कार्य-स्थल की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए तनाव से मुक्त रहने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के उपयोगी उपाय बताए जाएंगे।

# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सुवाणा में 6 मार्च से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** सुवाणा क्षेत्र के प्रतिष्ठित सीबीएसई मान्यता प्राप्त राजकीय शिक्षण संस्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सुवाणा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 6 मार्च से प्रारंभ होगी। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार कक्षा 1 से 9 तक प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 6 मार्च से 16 मार्च 2026 तक विद्यालय समय में निःशुल्क प्राप्त एवं जमा किए जा सकेंगे।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री सोमदेव माली ने बताया कि कक्षा 1 एवं कक्षा 6 में 40-40 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिनमें 18 सीटें छात्रों तथा 22 सीटें छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। अन्य कक्षाओं में प्रवेश केवल रिक्त सीटों के विरुद्ध ही दिया जाएगा।

कक्षा 1 से 8 तक के लिए निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में विद्यार्थियों का चयन 19 मार्च 2026 को लॉटरी प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा।वहीं कक्षा 9 में प्रवेश हेतु 18 मार्च 2026 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे तथा परीक्षा परिणाम के आधार पर मेरिट सूची जारी की जाएगी।

प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, गत कक्षा की अंकतालिका, वर्तमान कक्षा का अध्ययनरत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे। सभी दस्तावेजों में अभ्यर्थी का विवरण समान होना अनिवार्य है।

विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि नवीन सत्र की कक्षाएं 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होंगी। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करे।

# यज्ञनारायण के दिव्य फेरौं के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** कोदू कोटा। बन्नी के देवनारायण भगवान के प्रांगण में श्री बानोड़ा बालाजी महाराज के आचार्यत्व में चल रहे श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का आयोजन गांवों से आये चारभुजा जी के साथ दिव्य फैरों व पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ।

दिव्य फेरों में श्रद्धालु गण नाच रहे थे कीर्तन कर रहे थे। हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

इस अवसर पर कोदू कोटा से 6, गोकुल पुरा से एक धूमड़ास से 2, पौण्ड्रास से 2 बन्नी के देवनारायण सहित कुल 12 बैवाण पावणा पधारे। श्री बानोड़ा बालाजी की तरफ से हर बैवाण को 11000/ दक्षिणा भगवान के चरणों में सादर भेंट की गई साथ ही पुजा सामग्री बालटी, लौटा, आरती तलवार तरबेणा गरूड़ घंटा आदि भेंट की गई।

# लाडपुरा चारभुजानाथ मंदिर में थिरके कदम, ढोल की थाप पर ग्रामीणों ने खेली पारंपरिक गैर

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** कस्बे के आराध्य भगवान श्री चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में इन दिनों लोक संस्कृति के रंग बिखर रहे हैं। धुलंडी से शीतला सप्तमी तक चलने वाले पारंपरिक गैर नृत्य के आयोजन में ग्रामीणों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।

### पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित है सदियों पुरानी परंपरा

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, यह गैर नृत्य सदियों पुराना है जिसे ग्रामीण पीढ़ी दर पीढ़ी संजोए हुए हैं। नृत्य के दौरान बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक में भारी उत्साह देखा गया, जहां सभी एक साथ कदम से कदम मिलाकर थिरकते नजर आए। यह नृत्य सामूहिक रूप से गोल घेरा बनाकर ढोल, बांकिया और थाली जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर हाथों में डंडे लेकर किया जाता है।

### किसानों के मनोरंजन से शुरू हुई थी कला-संस्कृति

लोक मान्यताओं के अनुसार, सैकड़ों वर्ष पहले जब किसान खेती-बाड़ी के कार्यों से मुक्त हो जाते थे, तब मनोरंजन के लिए डंडा लेकर नृत्य की शुरुआत हुई थी। धीरे-धीरे इस नृत्य से लोग जुड़ते गए और आज यह हमारी समृद्ध कला-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गया है।

प्रतिदिन शाम 8 बजे से आयोजित हो रही इस गैर में प्रभु धाकड़, नारायण सनाढ्य, सत्तू सुथार, मोती गुर्जर, प्रहलाद सुथार, प्रकाश सुथार, गोपाल माली सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहकर धर्म और संस्कृति का लाभ ले रहे हैं।

# इस्कॉन में चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य उत्सव में झूमे श्रृद्धालु



स्मार्ट हलचल| कोटा

चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर किशोरपुरा स्थित इस्कॉन केंद्र गोविंद धाम में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कथा, संकीर्तन, नाट्य प्रस्तुति और आरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी भगवान बिरला, सोहन माहेश्वरी और नारकोटिक्स कमिश्नर नरेश बुंदेल उपस्थित रहे।

उत्सव के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने चैतन्य महाप्रभु के जीवन और उनके हरिनाम संकीर्तन आंदोलन पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति को श्रद्धालुओं ने ध्यानपूर्वक देखा।

कार्यक्रम में मायापुर वासी दास ने 'गौर कथा' के माध्यम से चैतन्य महाप्रभु के जीवन, उनके संदेश और भक्ति परंपरा के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने भक्ति आंदोलन और हरिनाम संकीर्तन की परंपरा पर प्रकाश डाला।

उत्सव के दौरान भगवान का अभिषेक किया गया तथा पालकी उत्सव का आयोजन हुआ। इसके बाद और महा-आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा को भोग अर्पित किया गया।

आयोजन की व्यवस्थाएं इस्कॉन कोटा के मैनेजर अवतार गौर प्रभु के मार्गदर्शन में की गईं। यूथ डायरेक्टर गजेंद्र पति विष्णु प्रभु और युवाओं की टीम ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।

# बाबरिया बांध के भराव क्षेत्र में प्रस्तावित पावर ग्रिड का विरोध



### ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| बानसूर

क्षेत्र के गांव बाबरिया में प्रस्तावित पावर ग्रिड परियोजना को लेकर ग्रामीणों में विरोध बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार पवनेश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर बांध के भराव क्षेत्र में पावर ग्रिड स्थापित करने के प्रस्ताव का विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि बाबरिया बांध लगभग 1000 वर्ष पुराना ऐतिहासिक जल स्त्रोत है, जिसका निर्माण राजा-महाराजाओं के समय हुआ था। इस बांध से आसपास के करीब 15 से 20 गांवों का भूजल स्तर रिचार्ज होता है, जिससे किसानों की खेती पर निर्भरता बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि निजी कंपनी ने भराव क्षेत्र की करीब 80 बीघा जमीन खरीद ली है और वहां पावर ग्रिड स्थापित करने की योजना बना रही है, जिससे जलस्तर प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से परियोजना पर पुनर्विचार की मांग की।

# आपात स्थिति में ही करें चेन पुलिंग का उपयोग

### कोटा मंडल में 2025-26 के दौरान 1181 चेन पुलिंग घटनाएँ दर्ज; जागरूकता बढ़ाने पर रेलवे का जोर

स्मार्ट हलचल| कोटा



पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनावश्यक चेन पुलिंग से बचने के संबंध में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि चेन पुलिंग की सुविधा केवल आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग के लिए है और इसका अनावश्यक उपयोग रेल संचालन को प्रभावित कर सकता है।

उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान कोटा मंडल में कुल 1181 चेन पुलिंग घटनाएँ दर्ज की गई हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि कई बार यात्री अनजाने में या जानकारी के अभाव में चेन पुलिंग कर देते हैं, जिससे ट्रेन संचालन प्रभावित होता है और अन्य यात्रियों को असुविधा हो सकती है। रेलवे द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार चेन पुलिंग की प्रमुख वजहों में चलती ट्रेन को किसी कारण से रुकवाना, गलत ट्रेन में चढ़ जाना, समय पर ट्रेन में चढ़ या उतर न पाना, गलती से चेन का हैंडल छू जाना, भीड़भाड़, सामान या मोबाइल गिर जाना अथवा परिवार के सदस्य के पीछे रह जाना जैसी परिस्थितियाँ शामिल हैं। ऐसे मामलों में यात्रियों को रेलवे कर्मचारियों से संपर्क करने अथवा रेलवे हेल्पलाइन का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना उचित एवं पर्याप्त कारण के ट्रेन की चेन खींचना रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 141 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस प्रावधान के अनुसार दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को एक वर्ष तक का कारावास, एक हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है।

कोटा मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को जागरूक करने के लिए सूचना संदेशों और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से यह बताया जा रहा है कि चेन पुलिंग केवल वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों–जैसे दुर्घटना, आग लगने, चिकित्सा आपातकाल या सुरक्षा संबंधी खतरे–की स्थिति में ही की जानी चाहिए। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे जिम्मेदार नागरिक के रूप में रेलवे प्रशासन का सहयोग करें और अनावश्यक चेन पुलिंग से बचें, ताकि सभी यात्रियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और समयबद्ध रेल यात्रा की सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

# उदयपुर में सिविल सेवकों का खेल महाकुंभ शुरू

### 12वीं अंतर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, 8 टीमों के 800 से अधिक खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



झीलों की नगरी उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में गुरुवार से 12वीं अंतर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया और खिलाड़ियों को खेल भावना व अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई।

महाराणा प्रताप खेलगांव स्थित क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में आयुक्त उपनिवेशन नवनीतकुमार, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सीआर देवासी, एडीएम दीपेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान गितेशश्री मालवीया, समाजसेवी गजपालसिंह, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रदीप रवानी, जया मीणा सहित कई अधिकारी और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। प्रारंभ में जिला कलक्टर श्री मेहता ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा करने के साथ ही खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। जिला कलक्टर ने सभी संभागों से आई टीमों के प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर खेलों के लिए शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता को खेल प्रतिभा और आपसी समन्वय को बढ़ाने वाला मंच बताया। जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, सचिवालय खेल प्रभारी मालती चौधरी, जिला कलक्टर कार्यालय से खेल प्रभारी सुरेंद्रसिंह चुण्डावत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

जिला खेल अधिकारी डॉ पालीवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रतियोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के सातों संभागों के साथ जयपुर मुख्यालय की टीम सहित कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। इसमें तकरीबन 800 से अधिक खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन और कबड्डी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अंत में आभार एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने व्यक्त किया।

# नीमराना का खंडहर तिबारा प्रकरण, इजराय प्रार्थना पत्र खारिज

स्मार्ट हलचल | नीमराना

सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास एक पुराना खंडहर तिबारा जो 2015 में क्षेत्र में चर्चा एवं विवाद का विषय बन गया था जो एक बार फिर पिछले कुछ समय से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन रहा था।

इस खंडहर तिबारा व इसके साथ लगती हुई जमीन के बाबत एक प्रकरण संख्या 09/2015 राजस्थान वक्फ अधिकरण न्यायालय जयपुर में हाफिज नुरुदीन बनाम राजस्थान सरकार विचाराधीन था जिसमे जिला कलैक्टर व उपखंड के राजस्व अधिकारी व पुलिस अधिकारी पक्षकार थे, लेकिन न्यायालय में इनकी गैर उपस्थिति होने से इस प्रकरण का आदेश राजस्थान सरकार के विरुद्ध पारित हुआ है ।इस प्रकरण को अग्रिम कार्यवाही के लिए राजस्थान वक्फ अधिकरण ज्योती नगर जयपुर द्वारा 1 फरवरी 2022 को जिला न्यायाधीश अलवर को भेजा गया था। जिला न्यायाधीश अलवर के द्वारा उपरोक्त प्रकरण को अग्रिम कार्रवाई हेतु सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नीमराना को भेजा गया। जिसको बाद सुनवाई सिविल न्यायाधीश नीमराना के द्वारा खारिज कर दिया गया है।

राठ मंच के अध्यक्ष मनोज मुद्गल एडवोकेट ने बताया कि उपरोक्त प्रकरण में वक्फ बोर्ड द्वारा नीमराना की बड़ी आबादी भूमि पर अपना हक जताया था

उन्होंने बताया कि बड़ी आबादी के साथ साथ अनेक सरकारी कार्यालय भी वक्फ की जद में आने से उनके अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया था उपरोक्त प्रकरण में स्थानीय नीमराना प्रशासन का रवैया शुरू से ही नकारात्मक रहा है नीमराना के कुछ सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उपरोक्त प्रकरण को अन्य उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी

उल्लेखनीय नीमराना शुरू से ही ऐतिहासिक कस्बा रहा है वह अंतिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के वंशजों की कार्यस्थली रहा है लेकिन अचानक से वक्फ बोर्ड द्वारा बड़ी आबादी भूमि व सरकारी कार्यालय की भूमि पर अपने हक जताने से इसके अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया था।

# कैट आइकन अवार्ड में अपने बलबूते पर मुकाम हासिल करने वाली 101 विभूतियों का हुआ सम्मान

## कैट फिएस्टा 2026 : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति का भव्य उत्सव, 27 विभूतियों को कैट स्टार आइकन अवार्ड से नवाजा

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर कैट विमेन विंग उदयपुर द्वारा अशोका ग्रीन, उदयपुर में कैट फिएस्टा 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह विशेष उत्सव महिला सशक्तिकरण, संस्कृति, सम्मान, स्वास्थ्य एवं सकारात्मकता पर आधारित रहा।

कैट विमेन विंग की अध्यक्ष एवं मेवाड़ रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से उदयपुर की महिलाओं को समर्पित था, जहाँ उन्हें अपने हुनर, आत्मविश्वास और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पूर्व महापौर रजनी डांगी, जहां आई वी एफ डायरेक्टर डॉ. निशा अग्रवाल, डी प्लस शानदार डायरेक्टर रुकसाना साबुनेवाला, रॉकवुड स्कूल की निदेशक अलका मूंदड़ा, एनआईसीसी की निदेशक डॉ. स्वीटी छाबड़ा, समाजसेवी पुष्पा कोठारी, यूसीसीआई अध्यक्ष मनीष गलूंडिया, समाजसेवी मधु सरीन, कैट उदयपुर चैप्टर अध्यक्ष दिनेश चोरडिया एवं महामंत्री महेंद्र तलेसरा के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

सचिव डॉ सोनू जैन ने बताया कि कैट आईकॉन अवार्ड में 101 विभूतियों का सम्मान किया गया।जिसमें 27 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों हेतु कैट स्टार आइकन अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं 75 महिलाओं को घर और करियर दोनों की जिम्मेदारियाँ सफलतापूर्वक निभाने के लिए कैट आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। सचिव डॉ. सोनू जैन ने बताया कि संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फिएस्टा एक राष्ट्रीय संगठन है, जो व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर कार्यरत है और महिला दिवस पर इस प्रकार का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्व महापौर रजनी डांगी ने कहा कि यह बिजनेस वूमन का सशक्त समूह है और आने वाले समय में अधिकाधिक महिलाएँ इससे जुड़ेंगी।

कार्यक्रम संयोजिका नयना जैन ,चयनिका गलूंडिया, रुचि चोरडिया, प्रीति सोगानी, नवनीत कौर छाबड़ा एवं दीपमाला मेवाड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान मुहिम के तहत शॉपिंग कार्निवल फिएस्टा के अंतर्गत 50 से अधिक ज्वेलरी, बुटीक, फूड स्टॉल, होम डेकोर एवं अन्य उत्पादों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जहाँ उदयपुर की जनता ने जमकर खरीदारी की और स्थानीय महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया। मेडिकल कैंप संयोजिका डॉ बलदीप शर्मा, कविता जैन एवं मीनाक्षी पालीवाल ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप भी आयोजित किया गया, जिसमें एपेक्स, हॉस्पिटल,मैग्नस हॉस्पिटल, एएसजी आई हॉस्पिटल, शर्मा वूमेन्स हेल्थ फिजियोथेरेपी क्लिनिक, मेटा फिट एंड लॉन्ग लाइफ वेलनेस द्वारा बीपी, शुगर, बीएमआई, बीएमडी कैल्शियम एवं आई-टेस्ट जैसी जांचें एवं परामर्श निःशुल्क प्रदान किए गए। मनोरंजन - फिल्मिस्तान हाउजी संयोजिका ललिता सियाल, कल्पना चोरडिया , स्नेहा मलानी, जया जेतावत, कृतिका बलदवा, सीमा मेहता, पूनम काबरा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फिल्मीस्थान हाउजी रहा, जिसमें फिल्मी अभिनेताओं और अभिनेत्रियों पर आधारित रोचक प्रस्तुति दी गई। डॉ. श्रद्धा गट्टानी एवं विजयलक्ष्मी गलूंडिया द्वारा प्रस्तुत इस मनोरंजक आयोजन में प्रतिभागियों ने फिल्मी गीतों के साथ खूब आनंद लिया और आकर्षक उपहार जीते। विभिन्न फूड स्टॉल्स पर लजीज और विविध प्रकार के व्यंजन उपलब्ध रहे, जिनका उपस्थित जनसमूह ने भरपूर आनंद उठाया। कुल मिलाकर कैट फिएस्टा 2026 महिला सशक्तिकरण, सम्मान और उत्साह का एक अविस्मरणीय उत्सव साबित हुआ, जिसने उदयपुर की महिलाओं को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और पहचान प्रदान की।

### 27 विभूतियों को कैट स्टार आइकन अवार्ड से नवाजा

नारी शक्ति को समर्पित यह आयोजन सफलता की नई मिसाल बन गया। कैट स्टार आइकॉन अवार्ड संयोजिका संगीता मूंदड़ा,डॉ. रेखा सोनी, सी ए शानू लोढ़ा, विजेता मेहता ने बताया कि 101 विभूतियों में 27 विभूतियों को कैट स्टार आइकन अवार्ड से नवाजा गया वो निम्न है। साक्षी भट्ट, पूजा छाबड़ा, ऐश्वर्या सिंह, हसीना चक्कीवाला, सुधा कावडिया, अंजली दुबे, रुखसाना साबुनवाला, डॉ. गुनीत मोंगा, शानू लोढ़ा, डॉ. संगीता गुप्ता, संगीता धर, प्रेम नाहर, आशा मेहता, डॉ. सिम्मी सूद, मीनल जैन, प्रियंका अर्जुन, पलक जैन, नवनीत कौर छाबड़ा, मधु अग्रवाल, कृति शर्मा, महक सनाढ्य, कृतिका चौबीसा, आशा पांडे, शैली श्रीवास्तव, श्रेष्ठा कोठारी, हीरा सरीन एवं सोनल कंठालिया। संयोजिका कविता बलदवा ने बताया कि कार्यक्रम का समापन फूलों की होली से हुआ जिसमें उपस्थिति महिलाओं ने जमकर फूलों की होली खेली।

# बड़गांव में सामूहिक ढूंढोत्सव धूमधाम से मनाया



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

औदिच्य समाज बड़गांव की ओर से 14वां सामूहिक ढूंढोत्सव समाज के नोहरे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज अध्यक्ष नारायण लाल व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के 9 नौनिहाल तथ्या, मिशिका, मान्या, जैनिशा, नवश्री, विधिरा, त्रिशिव, विवान व तनिष्क का ढूंढोत्सव हुआ। इससे पूर्व सुबह के समय होली मिलन कार्यक्रम व शाम को गांव के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में प्राचीन परंपरा के अनुसार ढूंढ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में पुरूषों द्वारा गैर नृत्य और महिलाओं द्वारा घूमर नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर स्नेहभोज का आयोजन भी रखा गया। कार्यक्रम में महिलाओं-बच्चों के साथ हर वर्ग ने पूरा उत्साह दिखाया।

# बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर राजस्थान अरशद कुरैशी के जिम पर आयोजित हुई रोजा इफ्तार पार्टी

स्मार्ट हलचल

**हिंडौन।** बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर राजस्थान अरशद कुरैशी की कोतवाली थाने के पास स्थित जिम पर गुरुवार रोज़ा इफ्तार की दावत का सौहार्द्रपूर्ण माहौल में आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, अल्पसंख्यक कांग्रेस करौली के जिला अध्यक्ष पार्षद अब्दुल मुगनी खान, निक्की पठान रिजवान कुरैशी निजामुद्दीन कुरैशी अंशु गोयल थान सिंह वसीम पठान अफसर शाह सद्दाम कुरेशी आकाश,लव कुश गुर्जर, पंकज बेरवा, आमिर कुरैशी, अंशु सैनी, फिरोज,अदीब अहमद अरबाज पठान अफजल पठान यूनुस चंदू शोएब खान आदि दर्जनों रोजेदारों ने दुनिया में अमन चैन और देश में खुशहाली की दुआ की।

# मालासेरी डूंगरी में मनाया रंगो का फागोत्सव, श्रद्धालु भक्ति के रस में सराबोर

स्मार्ट हलचल|मोड़ का निंबाहेड़ा



भगवान श्री देवनारायण जी की पावन जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी में होली व धुलंडी के शुभ अवसर पर रंगों का भव्य फाग महोत्सव एवं महाप्रतापी राजा हरिराम जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक गरिमा के साथ मनाई गई। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत गणेश वंदना से किया गया। तत्पश्चात साढ़ू माता मातृशक्ति द्वारा पारंपरिक हरजस गीतों का भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच देवभक्तों ने गुलाल अर्पित कर भगवान देवनारायण जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। राजा हरिराम जी की जयंती के उपलक्ष्य में उनके शौर्य, त्याग और लोककल्याणकारी कार्यों का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज में एकता, सद्भाव एवं धर्मनिष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया। मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में देवभक्त उपस्थित रहे, जिनमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भी शामिल थे। आयोजन की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही। मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल वह पुजारी देवकरण पोसवाल ने बताया कि रंगों के इस पावन पर्व को भक्तों के सहयोग और सामूहिक सहभागिता के साथ राजस्थानी पोशाक के साथ गैर नृत्य के साथ आयोजन सफल बनाया गया। इस अवसर पर विशाल महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण, रंगों की उमंग और सामाजिक सौहार्द की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। धुलंडी के इस पावन महोत्सव ने एक बार पुनः मालासेरी डूंगरी की धार्मिक महत्ता और लोक आस्था की जीवंत परंपरा को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया।

# राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता हेतु आवेदन आमंत्रित

## आवेदन की अंतिम तारीख 11 मार्च तक

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाली 'युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता' में भाग लेने वाले इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष की प्रतियोगिता 14 मार्च 2026 शनिवार को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक युवा आवेदन सादे कागज पर बागोर की हवेली गणगौर घाट उदयपुर में 11 मार्च 2026 सायं 5 बजे तक जमा करा सकते है। अपनी उम्र के प्रमाण हेतु शैक्षणिक अंक तालिका साथ लानी अनिवार्य होगी। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी आप पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के फेसबुक पेज तथा वेबसाइट www. wzccindia.com पर प्राप्त कर सकते हैं।

# स्व. ऊंकारलाल जी आंजना की पुण्य स्मृति में 'जल मंदिर' का लोकार्पण

## पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने ग्राम नरसाखेड़ी में किया जनोपयोगी वाटर कूलर का शुभारंभ

## शारदा व मनोहर सिंह आंजना परिवार के नवीन कृष्णराज आवास का शुभ मुहूर्त में विधि विधान पूर्वक हुआ ग्रह प्रवेश

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

मानव सेवा एवं सामाजिक सरोकार की उत्कृष्ट परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं भेरूलाल आंजना ने गुरुवार प्रातः 11:00 बजे निंबाहेड़ा उपखंड के समीपवर्ती ग्राम नरसाखेड़ी में स्वर्गीय श्री ऊंकारलाल जी आंजना की पुण्य स्मृति में निर्मित 'जल मंदिर' (वाटर कूलर) का विधिवत लोकार्पण किया।

स्वर्गीय श्री ऊंकारलाल जी आंजना की स्मृति में स्थापित यह जनोपयोगी जल सेवा केंद्र उनके परिजनों पूर्व सरपंच कैलाश चंद्र आंजना,अमर सिंह आंजना एवं मनोहर सिंह आंजना द्वारा जनहितार्थ स्थापित कराया गया है। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं भेरूलाल आंजना ने फीता काटकर 'जल मंदिर' का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने स्व. ऊंकारलाल जी आंजना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संपूर्ण वातावरण श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक समर्पण की भावना से ओतप्रोत रहा।



### 'जल ही जीवन है' उदयलाल आंजना

अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा 'जल ही जीवन है। प्यासे को पानी पिलाना मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। स्वर्गीय ऊंकारलाल जी आंजना सरल, समाजसेवी एवं जनहित के लिए सदैव समर्पित व्यक्तित्व थे।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ ग्रह प्रवेश समारोह भी हुआ आयोजित

इसी अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के बेटी-दामाद शारदा तथा मनोहर सिंह आंजना के नवीन 'कृष्णराज' आवास के शुभ मुहूर्त में ग्रह प्रवेश समारोह भी विधि विधान पूर्वक एवं वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा गृह प्रवेश समारोह कार्यक्रम पंडित श्री शिवशंकर शर्मा एवं पंडित श्री घनश्याम जी शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार के साथ गृह प्रवेश करवाया गया।

ज्ञातव्य रहे कि उक्त 'कृष्णराज' नवीन बंगले की प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट सुचिता आंजना हैं,जो छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मनोहरलाल आंजना की पुत्री द्वारा तैयार किया गया है। सुचिता आंजना वर्तमान में दुबई एवं केरला के प्रोजेक्ट्स पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर सुचिता आंजना का शॉल ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आंजना परिवारजनों द्वारा पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना का तिलक लगाकर, ऊपरना ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया तथा साथ ही उज्जैन से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने आए आंजना समाज के गणमान्यजनों द्वारा पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना को यादगार स्वरूप महाकाल की तस्वीर भेंट की गई।

# क्षेत्र का विकास और जनसेवा रहेगी प्राथमिकता-राव

स्मार्ट हलचल|हरसौर



गुरूवार को ग्राम भेरूंदा की पंचायत तहसील में प्रशासनिक बदलाव के तहत तहसीलदार सतीश राव ने विकास अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। पूर्व विकास अधिकारी के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। विकास अधिकारी सतीश राव ने समिति कार्यालय पहुंचकर औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने विभिन्न मामलों में लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। राव ने स्वामित्व, जनसुनवाई, स्वच्छ भारत मिशन, संपर्क, पीएम आवास, निर्माण कार्य, पेंशन, खाद्य सुरक्षा, मनरेगा आदि शाखाओं से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए सभी लक्ष्य तय समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने आने वाले मानसून से पूर्व ग्राम पंचायतों में नर्सरी तैयार करके पौधे वितरण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विकास अधिकारी राव ने कहा कि क्षेत्र के विकास और आम जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वे आमजन की समस्याओं के समाधान, कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देंगे। समिति स्टाफ ने उनका साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार रामचंद्र भंवरिया, सहायक विकास अधिकारी नंदकिशोर टाक, लेखाधिकारी गैनाराम चौधरी, कैलाश बोरानिया, वरिष्ठ सहायक स्वरूपराम गढ़वाल, कनिष्ठ सहायक अशोक पाराशर, ऑपरेटर हरिओम टेलर, हरीश सारण, रिछपाल सारण, वीडीओ स्नेह कंवर शेखावत, रामनिवास घासल, सरपंच रघुवीर सिंह गुढ़ा, चेनाराम साईं, नेमाराम रिणवा, भीयाराम लोमरोड़ सहित कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी मौजूद रहे।

# फतहसागर की पाल पर उदयपुर के पंच गौरव का संगम, जिला स्तरीय पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ

## आमजन रूबरू हो रहे जिले के पंच गौरव से

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रारंभ किए गए पंच गौरव कार्यक्रम के तहत जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में जिला स्तरीय पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरूवार से फतहसागर की पाल पर हुआ। जिले की विशिष्ट पहचान, प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक विरासत को जिला स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया यह मेला 7 मार्च तक चलेगा। इसमें जिले के पंच गौरव से जुड़ी जानकारी तथा उत्पादों को प्रदर्शित किया गया हैं। वहीं युवाओं के लिए सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजन भी किए जा रहे हैं।

जिला स्तरीय पंच गौरव मेले का शुभारंभ गुरूवार शाम को पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर नमित मेहता ने फीता काट कर किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर जितेंद्र ओझा एवं एसडीएम गिर्वा अवुला सांईकृष्ण भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। प्रारंभ में पंच गौरव सदस्य सचिव पुनीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला कलक्टर श्री मेहता ने मेले में सजी स्टाल्स का बारिकी से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला स्थल पर एक जिला एक उत्पाद-मार्बल एवं ग्रेनाईट, एक जिला एक उपज-सीताफल, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति-महुआ, एक जिला एक खेल-तैराकी, एक जिला एक पर्यटन स्थल-फतेहसागर एवं पिछोला के समग्र विकास एवं संरक्षण की अवधारणा को केंद्र में रखकर प्रदर्शनी और गतिविधियों का आयोजन किया गया।




उद्यानिकी विभाग की ओर से सीताफल उत्पादों से जुड़ी स्टाल्स सजाई गई। साथ ही वन विभाग और राजीविका के माध्यम से महुआ उत्पादों से जुड़ी जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। पर्यटन विभाग ने पिछोला और फतहसागर सहित जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के संबंध में जानकारी व प्रसार सामग्री प्रदर्शित की। जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से 5 स्टाल्स पर स्टोन मार्ट सजा गया। इसमें जिले में मिलने वाले मार्बल-ग्रेनाईट की विभिन्न वैरायटी के साथ उनके उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। खेल विभाग ने तैराकी खेल से जुड़ी जानकारियां सांझा की। वहीं शिक्षा विभाग ने पंच गौरव साक्षरता क्लब के माध्यम से हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं की कलाकृतियां प्रदर्शित की। कार्यक्रम के दौरान उप वन संरक्षक मुकेश सैनी, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, उपनिदेशक उद्यानिकी डा कैलाशचंद्र शर्मा, संयुक्त निदेशक पर्यटन सुनीता सरोच, उपनिदेशक शिखा सक्सेना, जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, मार्बल एसोसिएशन से हितेष पटेल सहित कई अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन उपस्थित रहे।

### कठपुतली के माध्यम से समझाया महत्व

मेला स्थल पर लोक कलाकारों ने कठपुतली के माध्यम से जिले के पंच गौरव और उनका महत्व समझाया। मनोरंजन अंदाज में दी गई प्रस्तुतियों को अतिथियों और आमजन ने बहुत सराहा।

### कयाकिंग प्रदर्शन का अवलोकन

आयेजन स्थल पर खेल विभाग की ओर से कयाकिंग प्रदर्शन भी रखा गया। कयाकिंग व कैनाईंग के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने तनिष्क पटवा के निर्देशन में फतहसागर झील में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला कलक्टर ने भी रेस्क्यू बोट के माध्यम से अवलोकन किया। पंच गौरव मेला स्थल पर फूड कोर्ट भी उपलब्ध है। इसमें मेलार्थी स्थानीय चटपटे व्यंजनों का स्वाद ले सकत हैं। इसके अलावा सेल्फी पोईंट भी बनाया गया है, जिसके माध्यम से लोग पंच गौरव मेले से जुड़ी यादें और विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील की नैसर्गिक सुंदरता को कैमरे में कैद कर सकते हैं।

# उदयपुर-जयपुर रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत

## पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया के प्रयासों से ट्रेनों के समय में हुआ बदलाव

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

मेवाड़ और राजस्थान के रेल यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया की पहल पर रेल मंत्रालय ने जयपुर जंक्शन पर दो प्रमुख ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। इस निर्णय से यात्रियों को अब जयपुर में ट्रेन बदलने के लिए पर्याप्त समय और बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

कनेक्टिविटी की समस्या हुई दूर

अब तक ट्रेन संख्या 19665 (खजुराहो-उदयपुर सिटी) और ट्रेन संख्या 12249 (शाकुर बस्ती-जैसलमेर) का जयपुर पहुँचने का समय लगभग एक जैसा था। इस कारण यात्रियों, विशेषकर सैनिकों और बुंदेलखंड की ओर जाने वाले लोगों को ट्रेन बदलने में काफी असुविधा होती थी।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी नए शेड्यूल के अनुसार शाकुर बस्ती-जैसलमेर एक्सप्रेस-अब जयपुर जंक्शन पर रात्रि 10.50 बजे पहुँचेगी और 11 बजे प्रस्थान करेगी। खजुराहो- उदयपुर सिटी एक्सप्रेस- यह ट्रेन अपने पुराने समय से 10 मिनट पहले जयपुर पहुँचेगी।

### सैनिकों और आम नागरिकों को सीधा लाभ

राज्यपाल कटारिया ने यात्रियों की इस समस्या को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी। इस बदलाव से ग्वालियर, आगरा, मुरैना, धौलपुर और बुंदेलखंड के यात्रियों को लाभ होगा। विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात जवानों के लिए अब जयपुर में ट्रेन बदलना आसान हो जाएगा। उदयपुर के निवासियों ने इस सकारात्मक कदम के लिए खुशी जाहिर की है।

# कोर्ट की सख्ती के बाद जागी पुलिस : 80 वर्षीय बुजुर्ग की गुहार पर कोर्ट के आदेश पर 1 माह 9 दिन बाद दर्ज हुआ ट्रैक्टर चोरी का केस

## नगरफोर्ट थाने ने नहीं सुनी फरियाद-अदालत का दरवाजा खटखटाने को मजबूर हुआ पीड़ित

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा सर्किल के पुलिस थाना नगरफोर्ट की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। यहां 80 वर्षीय बुजुर्ग के ट्रैक्टर, ट्रॉली व अन्य कृषि उपकरण चोरी होने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। नगरफोर्ट थाने से लेकर पुलिस उपाधीक्षक उनियारा और पुलिस अधीक्षक टोंक तक गुहार लगाने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित को न्याय के लिए अदालत की शरण लेनी पड़ी।

न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार नगरफोर्ट पुलिस को करीब एक माह नौ दिन बाद मुकदमा दर्ज करना पड़ा, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### 11 जनवरी को गायब मिला ट्रैक्टर व कृषि उपकरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी लड्डू पुत्र अल्लाबन्दा (80 वर्ष) निवासी याकूबपुरा थाना नगरफोर्ट ने कोर्ट इस्तगासा के माध्यम से दर्ज कराए मामले में बताया कि वह 10 जनवरी 2026 को इलाज के लिए टोंक गया हुआ था। दूसरे दिन 11 जनवरी को जब वह वापस लौटा तो घर के सामने खड़ा ट्रैक्टर, ओरने की मशीन, कूली व इंजन सहित अन्य कृषि उपकरण गायब मिले। पड़ोसियों से पूछताछ करने पर देर रात कुछ लोगों द्वारा सामान ले जाने की जानकारी मिली। पीड़ित ने तुरंत नगरफोर्ट थाने में रिपोर्ट दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की। कथित आरोप है कि उसके बाद आरोपी ने परिवादी की स्कूल के पीछे बाड़े में खड़ी ट्रॉली भी चुरा ली।




### कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुआ मामला

नगरफोर्ट थाने से निराश होकर पीड़ित बुजुर्ग ने सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उनियारा के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया। न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए। हालांकि 17 जनवरी 2026 को न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के बावजूद नगरफोर्ट पुलिस ने मामले में 26 फरवरी 2026 को मुकदमा दर्ज किया, यानी आदेश के बाद भी पूरे 1 माह 9 दिन की देरी से कार्रवाई की गई।

### आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

न्यायालय के आदेश के बाद नगरफोर्ट पुलिस ने पहलवान पुत्र छोटू खां निवासी भणजेरी थाना देई जिला बूंदी के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच मुख्य आरक्षी हेमराज मीणा (181) को सौंपी गई है।

### बिना मुकदमा दर्ज ट्रैक्टर जब्त करने का आरोप

मामले में एक ओर चौंकाने वाला आरोप सामने आया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने उसके परिवाद और आरोपी की निशानदेही पर 12 जनवरी को याकूबपुरा के समीप ओमप्रकाश मीणा निवासी रानीपुरा के कुएं-मकान से ट्रैक्टर जब्त कर लिया और उसे नगरफोर्ट थाने में खड़ा करवा दिया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि उस समय न तो कोई एफआईआर दर्ज की गई और न ही कोई आधिकारिक कार्रवाई सार्वजनिक की गई, जिससे पूरे मामले में संदेह की स्थिति बन गई है।

### कानूनी प्रक्रिया पर उठे सवाल

कानूनी जानकारों का कहना है कि किसी भी अपराध से संबंधित वाहन या सामान की बरामदगी होने पर सामान्यतः पहले एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत जब्ती पंचनामा किया जाता है। ऐसे में बिना मुकदमा दर्ज किए ट्रैक्टर जब्त करने की कार्रवाई पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

### प्रशासन से उठे बड़े सवाल

थाने में पहले रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं की गई?

न्यायालय के आदेश के बावजूद 1 माह 9 दिन की देरी क्यों?

80 वर्षीय बुजुर्ग को न्याय के लिए अदालत क्यों जाना पड़ा?

जब ट्रैक्टर जब्त हो चुका था तो मुकदमा दर्ज क्यों नहीं हुआ?

चोरी हुए अन्य कृषि उपकरणों की बरामदगी कब होगी?

उच्च स्तरीय जांच की मांग।

पीड़ित पक्ष के लड्डू तेली ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि नगरफोर्ट थाना पुलिस 80 वर्षीय बुजुर्ग को कब तक न्याय दिला पाती है और चोरी हुए कृषि उपकरणों की बरामदगी कब तक होती है।

# ईशिका शर्मा का इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी में तहसील स्तर पर चयन



स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट उनियारा उपखंड के सूथड़ा कस्बे में स्थित कृष्णा माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ईशिका शर्मा पुत्री अनिल शर्मा का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार एवं प्रोत्साहन करने में दिए जाने वाले इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी में तहसील स्तर पर चयन हुआ है। चयनित छात्रा ईशिका शर्मा के माता-पिता दोनों ही नहीं है वह अपने चाचा विश्वास गौतम की यहां रहकर पढ़ाई करती है। छात्रा ने एंटी टेलगेटिंग फीचर्स वाले ऑटोमेटिक दरवाजे का प्रोजेक्ट बनाया है जो अनजान व्यक्ति के दरवाजे में प्रवेश करने पर अलार्म बजता है और सुरक्षा व्यवस्था चौकस हो जाती है। और फाटक तुरंत लॉक हो जाता है। छात्रा ने इस पर अपने आइडिया प्रस्तुत किया। विद्यालय के संचालक राजाराम चौधरी एवं चेतन जैन ने बताया कि छात्रा अपने विचारों का मॉडल जिला प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेगी। इसके लिए उन्हें विज्ञान प्रौद्योगिकी विज्ञान द्वारा प्रमाण पत्र एवं 10000 का प्रोत्साहन राशि दी जाती है। छात्रा का बनेठा निवासी हरीश जैन ने तिलक माला एवं साफा पहनाकर उसका मुंह मीठा कर उसका स्वागत सम्मान किया।

# बाबा गरीबदास जी महाराज का मेला बड़ी धूमधाम से हुआ आयोजित



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बे के ग्राम चूला स्थित श्री गुन्दा सिद्ध जी महाराज के नाम से प्रसिद्ध बाबा गरीबदास जी महाराज का मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल कौशिक ने मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की तरक्की औंर खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक मेले ग्रामीण संस्कृति और आस्था का प्रतीक हैं। इस दौरान कुश्ती दंगल का भी आयोजन किया गया,जिसमें आसपास के पहलवानों ने कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया,11000 रुपये की कामडें की कुश्ती संदीप टोड़िया का बास ने जीती। मेला कमेटी द्वारा विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया,इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व सरपंच मनोज शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि पूर्ण गुर्जर, सोमनाथ शर्मा, उप सरपंच मुकेश जांगिड़, रामावतार सरपंच सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'छठा सर्व समाज नारी गौरव सम्मान में समारोह में सम्मानित होंगी समाज सेवी अनीता मीणा

स्मार्ट हलचल



**जयपुर।** जयपुर - डॉ. अम्बेडकर उत्थान परिषद, जयपुर द्वारा आयोजित 8 मार्च को जयपुर में होने जा रहा 'छठा सर्व समाज नारी गौरव सम्मान 2026' कार्यक्रम में समाजसेवी एवं औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रमुख समाज सेवी अनीता मीणा (सुपुत्री राजो देवी मीणा एवं जगदीश प्रसाद मीणा, निवासी - 23, अर्जुनपुरी, इमली फाटक, जयपुर) को सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान समारोह रविवार, 08 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे से सियाम ऑडिटोरियम, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, टोंक रोड, दुर्गापुरा, जयपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। अनीता मीणा के कार्यों को समाज सेवा, औद्योगिक विकास और महिला उत्थान के क्षेत्र में प्रेरणादायक माना गया है, जिसके लिए उन्हें इस सम्मान से नवाजा जा रहा है।

# पुलिस लाइन टोंक में रंगों की बौछार, कलेक्टर व एसपी ने पुलिसकर्मियों संग खेली होली

## अधिकारियों और जवानों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना देते हुए आपसी भाईचारे व सौहार्द का दिया संदेश





स्मार्ट हलचल

**टोंक।** टोंक जिला मुख्यालय पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन टोंक परिसर में होली का उत्सव हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा और पुलिसकर्मियों ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और उत्साह के साथ रंगों के इस पर्व का आनंद लिया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे पर्व आपसी प्रेम, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों में उत्साह और उमंग देखने को मिली तथा सभी ने मिलकर खुशियों के साथ होली का त्योहार मनाया।

# चिनायटा में चामुण्डा माता के मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



स्मार्ट हलचल | सूरौठ

गांव चिनायटा में मां चामुण्डा देवी का वार्षिक मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास से भरा। मेले के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के महंत रामलालदास महाराज ने फीता काट कर की। महंत रामलालदास महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिनायटा के मां चामुंडा देवी मंदिर में मेला भरा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां चामुण्डा देवी के दर्शन कर मेले का लुत्फ उठाया। मेले में मिठाइयां, खिलोने व श्रृंगार की दुकानें लगाई गई। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मेले में सुबह 10:00 बजे से सुरेंद्र सिंह बेनीवाल एंड पार्टी की तरफ से रागिनी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया व रात 10:00 बजे से गायक कृष्णा गुर्जर और पार्टी की तरफ से देवी मां का जागरण कार्यक्रम किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता अजीम खान चिनायटा ने बताया कि मेले में सुबह से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया एवं मेले में लगे झूलों का बच्चों ने लुत्फ उठाया। मेले में पुलिस प्रशासन चाक चौबंद रहा। मेले में महिला, पुरुष व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# भकरी में प्रसिद्ध शीतला माता मेला 10 को, मेला कमेटी गठित

स्मार्ट हलचल | हरसौर

ग्राम भकरी में प्रसिद्ध शीतला माता मेले को लेकर गुरूवार को पुराने पंचायत भवन में एसडीएम कुसुमलता चौहान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम चौहान ने सभी विभागों से आगामी मेले को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं में विस्तार को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और सरपंच अख्तर हुसैन से चर्चा की। सरपंच अख्तर हुसैन ने मेले में आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एवं कानूनी व्यवस्था के लिए अस्थाई पुलिस चौकी की



स्थापना का प्रस्ताव रखा। जिस पर एसडीएम ने एसपी को पत्र लिखकर तुरंत कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने जलदाय विभाग को गांव में मेले से पहले लीकेज निकालने के निर्देश दिए। ताकि गंदा पानी सड़कों पर नहीं फैले। ठा. यशवंत सिंह ने मेले के दौरान महिला पुलिसकर्मियों को तैनात करने की मांग करते हुए खोया-पाया केंद्र खोलने की मांग की। इसके अलावा चिकित्साकर्मियों की नियुक्ति करने की भी मांग ग्रामीण द्वारा की गई है।

10 मार्च को होगी शुरुआत- सामाजिक कार्यकर्ता विक्रमसिंह टापरवाड़ा ने बताया कि 10 मार्च को शाम 5:00 बजे माता रानी की सवारी गाजे बाजे के साथ किले के नीचे उतरेगी। 11 मार्च को प्रातः 4:00 से शीतला माता पूजन होगा तथा दिनभर मेला भरेगा। मेले के दौरान करीब 50 हजार श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेला कमेटी की पदेन अध्यक्ष होगी एसडीएम-बैठक में मेला कमेटी का स्थायी गठन किया गया, जिसमें उपखंड अधिकारी को पदेन अध्यक्ष चुना गया। उनके अलावा नायब तहसीलदार, सरपंच, विकास अधिकारी, सहायक अभियंता विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, थानाधिकारी पीलवा, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ठा. यशवंत सिंह सदस्य होंगे।


इन्होंने भी रखे सुझाव-बैठक में ग्राम विकास अधिकारी रामनिवास राड़, सुरजनसिंह झाला, भोमाराम माली, वार्डपंच मेहबूब अली, श्रवण कुमार, शेरू मोहम्मद देशवाल, सदाम हुसैन ने भी व्यवस्थाओ को लेकर सुझाव रखे।

# धुरसी में भरा हनुमान मेला, बैंड बाजों एवं आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

गांव धुरसी में गुरुवार को हनुमान मेला परंपरागत तरीके से भरा। दोपहर बाद गांव में बैंड बाजों एवं आकर्षक झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियों को देखने के लिए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ पड़ा। मेले के दौरान गांव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गांव में अस्थाई दुकानें लगाई गई जहां दिन भर लोगों ने खरीदारी की।

शोभा यात्रा गांव के हनुमान मंदिर से शुरू हुई तथा मुख्य रास्तों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में हनुमान जी, शिव शंकर, राधा कृष्ण, राम लक्ष्मण सहित कई आकर्षक झांकियां साथ रही। झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में गांव के पंच



पटेल भी शामिल हुए। झांकियों को देखने के लिए सूरौठ कस्बा एवं आसपास के कई गांवों के ग्रामीण गांव धुरसी पहुंचे। मेले में शांति व्यवस्था के लिए गांव में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

# महिला दिवस पर जीतो लेडीज विंग की नेशनल कार रैली, कैंसर व थैलेसीमिया जागरूकता का संदेश

## कैंसर और थैलेसीमिया जागरूकता के लिए 8 मार्च को नेशनल कार रैली

स्मार्ट हलचल | कोटा

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) कोटा लेडीज विंग द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल कार रैली के पोस्टर का अनावरण कोटा ब्लड बैंक सोसायटी में किया गया। पोस्टर का अनावरण थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के हाथों कराया गया। इस अवसर पर जीतो कोटा चैप्टर के चेयरमैन पंकज सेठी, कोटा ब्लड बैंक सोसायटी के सचिव राजकुमार जैन, यूथ विंग के चीफ सेक्रेटरी ईशान गोधा तथा जीतो लेडीज विंग की चेयरपर्सन मंजु लुंकड़ उपस्थित रहे।

जीतो लेडीज विंग की चीफ



सेक्रेटरी रेखा जैन ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया उन्मूलन और कैंसर के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण, सामाजिक स्वास्थ्य जागरूकता तथा महिला दिवस के महत्व का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जाएगा। उन्होने कहा कि यह कार रैली देश के 100 से अधिक चेप्टर में पूरे भारत के अलग–2 कोने में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक प्रीति जैन एवं सह-संयोजक नेहा जैन ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, समय पर चिकित्सकीय जांच कराने तथा रोगों की रोकथाम के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

रैली का शुभारंभ 8 मार्च को प्रातः 6:30 बजे श्री उम्मेद क्लब, कोटा से किया जाएगा। रैली के समापन अवसर पर एक जागरूकता सत्र आयोजित होगा, जिसमें डॉ. रत्ना जैन कैंसर जागरूकता तथा डॉ. परवीन शंकर झा थैलेसीमिया की रोकथाम विषय पर अपना व्याख्यान देंगे।

आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में नीरा जैन, चित्रा बागरेचा, मीना जैन, सुमन मुनोत, पिंकी बागरेचा, सोनिया सांखला सहित कोर टीम के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जो आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

# रीजन कॉन्फ्रेंस में लांयस क्लब कोटा अव्वल

## 20 पुरस्कारों के साथ सर्वश्रेष्ठ क्लब घोषित

स्मार्ट हलचल | कोटा



लांयस क्लब इंटरनेशन डिस्ट्रिक्ट 3233श्व-2 की रीजन कॉन्फ्रेंस 'समन्वय 2025-2026' में लांयस क्लब कोटा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 20 पुरस्कार अर्जित कर रीजन का सर्वश्रेष्ठ क्लब होने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन ऐलन सत्यार्थ कैंपस में रीजन चेयरपर्सन लायन सुषमा आहूजा के नेतृत्व में किया गया।

सम्मेलन में लायन सोनल नंदवाना को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष तथा लायन प्रभा विजय को ऑल ओवर परफॉर्मेंस 'लायन ऑफ द रीजन' सम्मान से अलंकृत किया गया। लायन सोनल शर्मा को बेस्ट प्रेसिडेंट, लायन मुकेश विजयवर्गीय को आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी, लायन लक्ष्मीकांत पारीक को लायंस क्वेस्ट अवॉर्ड, लायन अशोक नुवाल को एक्सीलेंस अवॉर्ड, लायन सुधाकर बहेडिया को एक्सीलेंस इन सर्विस, लायन आनंद राठी को एक्सीलेंस अवॉर्ड तथा लायन प्रमोद विजय को जोन अवॉर्ड प्रदान किया गया।

क्लब को मोस्ट एक्टिव क्लब और बेस्ट क्लब के सम्मान भी प्राप्त हुए। सदस्यता वृद्धि, नए क्लब विस्तार, 'फूड फॉर हंगर', नेत्र चिकित्सा शिविर, स्लम एरिया सेवा, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु आपात अनुदान, मानवता सेवा, स्थायी परियोजनाएं तथा योग कक्षाओं जैसे विविध सेवा कार्यों को निर्णायकों ने विशेष रूप से सराहा।

बैनर प्रेजेंटेशन में क्लब के 75 सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। 'योग एवं मेंटल हेल्थ' विषय पर आधारित प्रस्तुति को सर्वश्रेष्ठ बैनर प्रेजेंटेशन एवं सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार प्रदान किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर से पधारे पूर्व मल्टीपल चेयरपर्सन लायन कुलभूषण मित्तल ने क्लब की सेवा-परंपरा की प्रशंसा करते हुए VDG-2 लायन सी.पी. विजयवर्गीय को ट्रॉफी भेंट की तथा 15 लायन सदस्यों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।



# हर परिस्थिति में खुद को रखें कॉन्फिडेंट

**नौकरी के दौरान अक्सर एक जैसा काम करते हुए हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जिसमें जरा-सा बदलाव भी हमें असहज कर देता है। नौकरी के दौरान अक्सर एक जैसा काम करते हुए हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जिसमें जरा-सा बदलाव भी हमें असहज कर देता है। लगातार सुविधापूर्ण स्थिति में आत्ममुग्ध रहना एक तरह से 'असुविधा'' को ही दावत देना है। अगर आप भी कंफर्ट जोन में खुद को 'कंफर्टेबल' मानकर चल रहे हैं, तो वक्त रहते संभल जाएं और ऐसा करके ही आप खुद को हर परिस्थिति में कॉन्फिडेंट रख सकेंगे।**

सदाशिव पढ़ाई में अच्छे हैं। दिखने में समझदार। नौकरी जल्द शुरू कर दी थी। कुछ ही साल में अपनी पहचान भी बना ली और एक वरिष्ठ अधिकारी के लिए अलग से काम करके उनका विश्वास भी हासिल कर लिया। इसका उन्हें फायदा भी मिलता रहा। पद और प्रतिष्ठा तो मिली ही, कई बार विदेश जाने का अवसर भी मिला। मगर कई साल ऐसे ही बीतने के कारण सदाशिव आत्ममुग्धता के शिकार होते चले गए। प्रभावशाली अधिकारी का संरक्षण मिला होने के कारण वे खुद को बेहद सुरक्षित महसूस करने लगे। इस बीच उन्हें कई प्रोजेक्ट मिले, पर भरपूर अवसर मिलने के बावजूद किसी में खास प्रभाव छोड़ न पाने के कारण अंतत: वे अपने मूल विभाग में ही बने रहे। यहीं उनसे चूक होती चली गई। अपने मूल विभाग के बॉस से उनकी ट्यूनिंग बनने और प्रगाढ़ होने के बजाय बिगड़ती चली गई लेकिन आत्ममुग्धता और उच्चाधिकारी की शह के कारण उन्होंने इसकी ज्यादा परवाह नहीं की। विभागीय बॉस के उपेक्षापूर्ण नजरिये से ठेस लगने के बावजूद उनका स्वाभिमान नहीं जागा और वे निश्चिंतता के साथ टाइम पास करते रहे। इतना ही नहीं, सोशल साइट्स पर भी वे खूब दिखते और अपनी बेतुकी टिप्पणियों पर खुद ही खुश हो लेते। कुछ समय बाद स्थितियां करवट लेने लगीं। प्रभावशाली अधिकारी का प्रभाव जाता रहा और एक समय ऐसा भी आया, जब उनकी जगह कंपनी में कोई और आ गया। अब सदाशिव को सचेत हो जाना चाहिए था, पर ऐसा हुआ नहीं। उनका रवैया जस का तस बना रहा। वे चाहते, तो अपने विश्वासी अधिकारी के रहते किसी और विभाग या केंद्र या प्रोजेक्ट में अच्छे पद पर शिफ्ट हो सकते थे लेकिन सुविधाजीवी और एकरस जीवन के आदी हो चुके सदाशिव ने ऐसी कोई पहल नहीं की। एक दिन जब उन्हें कुछ गलतियां बताते हुए संस्थान से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, तब उन्हें एहसास हुआ लेकिन तब उनके पास संभलने और सुधरने का मौका नहीं था।

## भंवर है कंफर्ट जोन

सदाशिव की सच्ची कहानी महज एक उदाहरण है। आपको अपने संस्थान या दूसरी संस्थाओं, विभागों में ऐसे कई लोग मिल जाएंगे, जो कंफर्ट जोन में समय बिताते हुए खुश दिखेंगे। कई लोग यह भी कहते मिल जाएंगे कि अरे भाई, नौकरी तो सुरक्षित है ही, फिर काम की टेंशन में क्यों परेशान रहें! दरअसल, ऐसे लोग यह नहीं सोचते कि इस प्रकार का रवैया रखकर वे खुद के नुकसान की ही नींव रख रहे हैं। स्थितियां हमेशा एक-सी नहीं रहतीं। जो लोग काम से जी चुराते हैं, नया सीखने-जानने में दिलचस्पी नहीं रखते, कभी पहल करके कोई काम नहीं करते, कोई काम कहने पर समाधान के बजाय तमाम तरह की समस्याएं ही गिनाने बैठ जाते हैं, टीम मेंबर्स से भी जिन्हें ढेरों शिकायतें होती हैं, सही मायने में उनका करियर हमेशा दांव पर लगा होता है। ऐसे लोगों को जब कभी कोई काम सौंपा जाता है, तो वे उसमें इतना विलंब कर देते हैं या फिर उसे इतना उलझा देते हैं कि बॉस को आगे उन्हें काम न देने के बारे में सोचना पड़ जाता है। ऐसे लोग अपनी इस कथित रणनीति पर भले ही खुश होते हों पर जरा सोचें, क्या वह बॉस कभी उनकी प्रशंसा-अनुशंसा करेगा और जब कभी डिमोशन न कर दिया गया या इंक्रिमेंट रोक लिया गया या फिर छंटनी की स्थिति में उनका नाम ही आगे बढ़ा दिया गया, तो फिर क्या उन्हें संस्थान और बॉस की आलोचना का अधिकार होना चाहिए



## उपयोगिता करें साबित

आप निजी कंपनी में काम कर रहे हों या फिर सरकारी सेवा में हों, छोटे पद पर हों या बड़े पद पर, अगर आप अपने पद की जरूरतों के अनुसार खुद की उपयोगिता साबित करने का प्रयास नहीं करते, तो एक-न-एक दिन आपको जरूर नुकसान हो सकता है। अगर आप समय रहते नहीं चेतते, तो फिर आप किसी को दोष भी नहीं दे सकते। आपको कोई भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसे उत्साह के साथ पूरा करने का प्रयास करें। अगर आपको लगता है कि उसमें बॉस से और समझने की या किसी सहयोगी की मदद लेने की जरूरत है, तो विनम्रता के साथ सहयोग लें। आपके प्रयास की गंभीरता स्पष्ट नजर आनी चाहिए। अगर आप छोटे-से-छोटे काम को भी सतर्कता के साथ बहुत अच्छी तरह पूरा करते हैं, तो निश्चित रूप से इससे आपकी छवि बेहतर होगी।

## हर दिन हो नया

अगर आप एकरस जीवन से बचना और खुश रहना चाहते हैं, तो अपने काम को एंजॉय करना होगा। निष्ठा ईमानदारी से काम करेंगे, तो ज्यादा कुछ मिले-न मिले, भरपूर सुकून जरूर मिलेगा। यह आपका सबसे बड़ा रिवॉर्ड होगा। इसके अलावा गलतियों से सबक लेने, कमियों को दूर करने और हमेशा कुछ नया सीखने की ललक रखेंगे, तो आपके आत्मविश्वास का स्तर ऊंचा रहेगा और आप मुश्किल से मुश्किल काम को भी उत्साह और हौसले से कर सकेंगे। इस राह पर चलकर तरक्की की सीढ़ियां भी चढ़ते जाएंगे।



# ग्रेजुएशन के बाद अमेरिका में जॉब

हाल ही में ग्रेजुएशन करने वालों के लिए अमेरिका में काम करने के लिए दो ऑप्शन हैं : ऑप्शनल प्रेक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) तथा एच1बी वीसा। ओपीटी ऐसे ताजा ग्रेजुएट्स के लिए एक कार्यक्रम है, जो अपनी पढ़ाई की फील्ड में कार्य अनुभव पाना चाहते हैं। इसके लिए दो शर्तें पूरी करना जरूरी है : पहली यह कि आपकी ओपीटी जॉब का सीधा संबंध आपकी डिग्री से होना चाहिए। मसलन, यदि आपने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में डिग्री ली है, तो आप शेफ के रूप में नौकरी नहीं कर सकते। दूसरी शर्त यह है कि आपने जहां से डिग्री प्राप्त की है, वहां का कोई अधिकारी ओपीटी प्रोग्राम के लिए आपका नाम प्रस्तावित करे। इसलिए यह जरूरी है कि आप जहां से पढ़ाई कर रहे हैं, उस संस्थान के संपर्क में रहें और उससे अच्छे संबंध रखें। आम तौर पर ओपीटी 1 साल के लिए ही होता है। मगर यदि आपने साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या गणित में डिग्री ली है, तो आप ओपीटी को अतिरिक्त 17 महीनों के लिए बढ़वा सकते हैं। एच1बी वीसा ऐसे लोगों के लिए है, जो किसी स्पेशिएलिटी ऑक्युपेशन में काम करते हैं। यह एक पिटिशन-बेस्ड वीसा है, यानी आपकी ओर से आपकी कंपनी इसके लिए यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) के समक्ष आवेदन करेगी। एच1बी वीसा प्राप्त करने के लिए आपको किसी यूएस एम्बेसी या कॉन्सुलेट में इंटरव्यू के लिए आना पड़ेगा। एच1बी वीसा पर आप अमेरिका में 3 साल तक काम कर सकते हैं। इसकी अवधि बढ़वाने के विकल्प भी हैं मगर कुल मिलाकर आप एच1बी वीसा पर अमेरिका में अधिकतम 6 वर्ष तक ही काम कर सकते हैं।





# आपको ऊंचाइयों पर ले जाएंगे ये करियर ऑप्शन

**आज हम आपको बताने जा रहे हैं गणित में 8 ऐसे करियर ऑप्शन जो आपको ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।**

छात्रों के बीच गणित विषय को कठिन विषय समझा जाता है, इसका नाम सुनते ही बहुत से छात्र दूर भागते हैं। परंतु यदि प्रारंभ से ही गणित विषय को सही प्रकार से हैंडिल किया जाए तो आपकी गणित पर अच्छी पकड़ हो सकती है। गणित विषय का अर्थ केवल जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग देना नहीं है। इस विषय में उच्च शिक्षा लेकर करियर की अपार संभावनाएं हैं। गणित विषय मनुष्य की ज्ञान की एक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई क्षेत्रों को शामिल किया गया है। भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है। प्राचीन काल के कई गणितज्ञों आर्यभट्ट, वराह मिहिर, महावीराचार्य, ब्रह्मगुप्त, श्रीधराचार्य इत्यादि ने तथा आधुनिक काल में डॉ गणेश प्रसाद, प्रोफेसर बीएन प्रसाद, श्रीनिवास रामानुजन इत्यादि ने गणित की सुदृढ़ नींव रखी है।

## इकोनॉमिस्ट

एक इकोनॉमिस्ट आर्थिक रुझानों का अन्वेषण करके मूल्यांकन करता है। भविष्य को लेकर पूर्वानुमान जारी करता है। वह विभिन्न विषयों जैसे महंगाई, कर, ब्याज दर, रोजगार का स्तर आदि का डेटा संग्रह करता है। उस पर अनुसंधान करता है और विश्लेषण करता है। अर्थशास्त्री बनने के लिए गणित विषय को जरूरी माना जाता है। एक अर्थशास्त्री बनने के लिए अर्थशास्त्र में बैचलर डिग्री होना और गणित पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। इसके बाद अर्थशास्त्र, इकोमेट्रिक्स, ऐप्लाइड इकोनॉमिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होना चाहिए।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर

सॉफ्टवेर इंजीनियरिंग के छात्रों के करियर की नीव शुरू ही गणित के ज्ञान से होती है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का काम सॉफ्टवेयर डिजाइन करना और उसे डेवलप करना होता है। इस काम में छात्रों को कम्प्यूटर साइंस के साथ-साथ मैथ्स की थ्योरी और उनके सिद्धांतों का प्रयोग करना पड़ता है। इस क्षेत्र में एक्सपर्ट छात्रों के लिए बहुत अच्छे विकल्प मौजूद है तथा अगले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं आने वाली हैं जो छात्रों के हित में मददगार साबित होंगे।

## स्टैटिस्टिक्स

गणित पर जिनको महारत हासिल है उनके लिए स्टैटिस्टिक्स में कैरियर बनाना बहुत अच्छा विकल्प है। सांख्यिकीविद को डाटा का विश्लेषण करना, परिणामों को पाइ चार्ट्स, बार ग्राफ, टेबल के रूप में प्रस्तुत करने का काम करना होता है। हेल्थ केयर, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सांख्यिकीविद की काफी मांग होती है। सांख्यिकीविद बनने के लिए आपके पास मैथमेटिक्स स्टैटिस्टिक्स में स्नातक की डिग्री या फिर स्टैटिस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होनी चाहिए।

## चार्टर्ड एकाउंटेंट

चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने का पहला रूल ही गणित में दक्ष होना है। क्योंकि चार्टर्ड एकाउंटेंट यानि कि सीए का पूरा काम एकाउंटिंग, ऑडिटिंग और टैक्सेशन से जुड़ा होता है। अर्थवयवस्था में तेजी से वृद्धि के चलते फाइनेंस और एकाउंट से जुड़े क्षेत्रों में करियर के काफी स्कोप जुड़ते जा रहे हैं जो गणित में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए एक अच्छा करियर विकल्प का मार्ग है।

## ऑपरेशन रिसर्च एनालिस्ट

इससे जुड़े काम को एप्लाइड मैथ्स और फॉर्मल साइंस की एक शाखा के रूप में ही समझा जाता है। इसमें आधुनिक लॉजिकल विधियों जैसे की स्टैटिस्टिकल एनालिसिस और मैथमेटिकल ऑप्टिमाइजेशन का प्रयोग किया जाता है। ऑपरेशन रिसर्च एनालिस्ट इन्हीं आधुनिक विधियों कि मदद से मैनेजर को सही निर्णय लेने और समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव प्रदान करते है।

## बैंकिंग

अगर आपकी गणित में अच्छी पकड़ है तो आप बैंकिंग क्षेत्र में आप एकाउंटेंट, कस्टमर सर्विस, फ्रंट डेस्क, कैश हैंडलिंग, एकाउंट ओपनिंग, करंट एकाउंट, सेविंग एकाउंट, लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, रिकवरी ऑफिसर के प्रोफाइल्स के लिए भी कोशिश कर अपना भविष्य बना सकते है क्यूंकि इन सभी में मैथमेटिकल स्किल्स का होना जरूरी है।

## मैथमेटिशियन

अगर आप मैथ को दिल से प्यार करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा माहिर हैं, तो मैथमेटिशियन बनना आपके लिए सबसे बेस्ट होगा। यह ऐसे प्रोफेशनल्स होते हैं जो मैथ्स के बुनियादी क्षेत्र का अध्ययन या रिसर्च संबंधी कार्य करते हैं। इसके अलावा ये लॉजिक, ट्रांसफार्मेशन, नंबर आदि समस्याओं का निर्धारण करते हैं। इस क्षेत्र में भी मैथ्स का ज्ञान होना बहुत जरूरी है तथा इस क्षेत्र में छात्र अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

## कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट आईटी टूल्स का उपयोग करते हुए किसी भी एंटरप्राइजेज को लक्ष्य पूरा करने में मदद पहुंचाते हैं। यदि आपको गणित का ज्ञान नहीं तो आप आगे नहीं बढ़ सकते और इसी के विपरीत यदि आपका गणित के प्रति रुझान है तो आप आसानी से अपने काम को पूरा कर सकते हैं। ज्यादातर सिस्टम एनालिस्ट अपना काम कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर के जरिए करते हैं तथा इसे ठीक तरह से समझने के लिए गणित पहली नींव है।



## उत्साह और जुनून के साथ देशभक्ति

# वायु सेना में करियर

**भारतीय वायु सेना में करियर बनाने के लिए ऊर्जावान, उत्साही युवाओं की हमेशा मांग रहती है। क्या आप इस प्रोफाइल में फिट बैठते हैं। एयर फोर्स, यानी वायु सेना में करियर को प्रतिष्ठित माना जाता है और युवाओं में यह खासा लोकप्रिय भी है। इस फील्ड में यदि आप करियर बनाते हैं, तो आपका नाता देश सेवा, नवीनतम टेक्नोलॉजी और उत्कृष्ट शारीरिक मानसिक कौशल से होगा।**

भारतीय वायु सेना को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो ऊर्जावान हों, पैशनेट हों, उत्साही हों और जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों। मगर ध्यान रहे, एयर फोर्स का हिस्सा होने में खासे परिश्रम की जरूरत होती है। इसकी चयन प्रक्रिया बहुत कड़ी है। इसमें प्रेक्टिकल टेस्ट, रिटन टेस्ट, फिजिकल तथा मेडिकल टेस्ट, सायकोलॉजिकल टेस्ट, इंटरव्यू, ग्रुप टास्क आदि शामिल होते हैं।

## कैसे हों शामिल

भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए आपको राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रवेश परीक्षा में बैठना होगा। यदि आपकी उम्र साढ़े 16 साल से 19 साल है, आप भारतीय नागरिक हैं और आपने फिजिक्स तथा मैथ्स विषयों के साथ 12वीं पास की है, तो आप इस परीक्षा में बैठ सकते हैं। चयन के बाद उम्मीदवारों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में 3 साल की गहन ट्रेनिंग दी जाती है। इसकी समाप्ति पर एयर फोर्स अकादमी में स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग होती है। ग्रेजुएट भी एयर फोर्स का हिस्सा बन सकते हैं। आरंभिक चयन के बाद शॉर्ट-लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एयर फोर्स ट्रेनिंग संस्थान में भेजा जाता है।

## कौन-कौन सी ब्रांच

एयर फोर्स में करियर के अवसरों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है : फ्लाइंग ब्रांच, टेक्निकल ब्रांच तथा ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच।

### फ्लाइंग ब्रांच

इस ब्रांच में विभिन्न श्रेणियों के पायलटों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। इस ब्रांच में आकर आपको उड़ान भरने के भरपूर मौके मिलेंगे। इसमें हैलिकॉप्टर पायलट, फाइटर पायलट तथा ट्रांसपोर्ट पायलट के रूप में ग्रेजुएट्स तथा पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए अनेक अवसर हैं। पायलट ट्रेनिंग हैदराबाद से 43 किलोमीटर दूर डंडीगल स्थित एयर फोर्स एकेडमी में दी जाती है। इस ब्रांच में शामिल होने के बाद आपको आपके डेजिग्जनेशन, ट्रेनिंग व अनुभव के आधार पर विभिन्न मिशनों का हिस्सा बनाया जाएगा।

### टेक्निकल ब्रांच

एयर फोर्स की टेक्निकल ब्रांच अत्याधुनिक विमानों तथा शस्त्रों के सही संचालन को सुनिश्चित करती है। यह विमानों के मेंटेनेंस तथा सर्विसिंग और एयर फोर्स स्टेशन पर कम्युनिकेशन तथा सिग्नल से संबंधित कार्यों को करने के लिए क्रमश: मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स विभागों से एयरोनॉटिकल इंजीनियर्स को नियुक्त करती है।

### ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच

यह ब्रांच मानव तथा अन्य संसाधनों का प्रबंधन कर वायु सेना का संचालन करती है। दरअसल यह एक ब्रांच न होकर इसमें अनेक ब्रांच समाहित हैं, जैसे : एडमिनिस्ट्रेशन ब्रांच, जिसके अधिकारी समस्त संसाधनों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करते हैं। इसके कुछ अधिकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर व फ्लाइट कंट्रोलर के रूप में भी काम करते हैं। इसी प्रकार अकाउंट्स ब्रांच में अकाउंट्स संबंधी तमाम काम किए जाते हैं। लॉजिस्टिक्स ब्रांच के अधिकारियों को कपड़ों से लेकर विमानों के पुर्जों तक तमाम तरह के सामान का प्रबंधन करना होता है। एजुकेशन ब्रांच के अधिकारी भविष्य के वायु सैनिकों को अच्छी से अच्छी शिक्षा तथा प्रशिक्षण सुनिश्चित करते हैं। मीटियॉरोलॉजी ब्रांच के अधिकारी उड़ान भर रहे पायलटों को गाइड कर उनकी उड़ान सुरक्षित करने में मदद करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जल्द ही वेनेजुएला लौटेंगी मारिया कोरिना मचाडो

**काराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा है कि वह जल्द ही देश लौटेंगी। उन्हें 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य नए चुनाव की तैयारी करना है। मौजूदा कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने चेतावनी दी है कि लौटने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया था। देश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है और आने वाले समय में हालात और बदल सकते हैं।

### ब्राजील में बोल्सोनारो समर्थकों का प्रदर्शन

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** ब्राजील में पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने कई शहरों में रैली निकाली। ये प्रदर्शन मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा के खिलाफ किया गया। साओ पाउलो और रियो डी जेनेरियो में हजारों लोग सड़कों पर उतरे। बोल्सोनारो फिलहाल जेल में हैं और उनके बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। समर्थकों का कहना है कि उनके नेता के साथ अन्याय हुआ है। हाल के सर्वे में लूला और फ्लावियो के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है। आने वाला चुनाव ब्राजील की राजनीति के लिए अहम माना जा रहा है।

### गाजा में फिर बढ़ी चिंता

**गाजा, एजेंसी।** गाजा में हाल ही में युद्धविराम से कुछ राहत मिली थी, लेकिन ईरान पर हमलों के बाद हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। इस्राइल ने सीमाएं बंद कर दी हैं, जिससे खाने–पीने की चीजों की कमी का डर बढ़ गया है। कई लोग राशन जमा करने लगे हैं और आटे जैसी जरूरी चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। युद्ध की शुरुआत हमास के हमले के बाद हुई थी। अब रमजान के महीने में लोग फिर से मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। हालांकि कुछ इलाकों में गोलीबारी कम हुई है, लेकिन अनिश्चितता बनी हुई है। लोगों को डर है कि नई जंग की वजह से गाजा की समस्या पर दुनिया का ध्यान कम हो सकता है।

### टेक्सास शूटिंग की घटना– हमलावर की हुई पहचान

**ऑस्टिन, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में एक बार के बाहर गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने हमलावर की पहचान 53 वर्षीय नदियागा डियाग्ने के रूप में की है। वह हमले के समय ऐसे कपड़े पहने था जिन पर 'अल्लाह की संपत्ति' लिखा था और ईरान का झंडा बना था। पुलिस ने उसे मौके पर ही मार गिराया। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन इस घटना की जांच संभावित आतंकी हमले के रूप में कर रही है। हमलावर ने पहले गाड़ी से गोली चलाई और फिर राइफल लेकर सड़क पर फायरिंग की। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से और बड़ी जनहानि टल गई।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बैठक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश की सुरक्षा स्थिति पर एक बड़ी बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक ईरान में हालात बिगड़ने और अफगानिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बाद बुलाई गई। पाकिस्तान ने हाल ही में 'ग़ज़ब लिल हक' नाम से अभियान चलाया है, जो अफगान तालिबान के खिलाफ बताया जा रहा है। इस बीच अमेरिका और इज़राइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। बैठक में सेना प्रमुख और कई बड़े मंत्री मौजूद रहे। ईरान में फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को सुरक्षित निकालने पर भी चर्चा हुई। उन्हें अज़रबैजान के रास्ते वापस लाया जा रहा है। क्षेत्रीय हालात को देखते हुए शरीफ ने अपना प्रस्तावित रूस दौरा भी टाल दिया है।

### भारतीय राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी थिंक टैंक के सीईओ नियुक्त

**वियना, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के अनुभवी भारतीय मूल के राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का सीईओ नियुक्त किया गया है। 62 वर्षीय चटर्जी रविवार को चीन में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर पद से सेवानिवृत्त हुए। 2 मार्च से वे अपना नया कार्यभार संभालेंगे। चटर्जी नेशनल डिफेंस एकेडमी के पूर्व छात्र और भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी हैं। उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था।

# ईरान के बाद इजरायल ने लेबनान को जंग में घसीटा, राजधानी पर ताबड़तोड़ हमले

**तेलअवीव, एजेंसी।** इजरायल और अमेरिका के हमलों में ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्लाह अली खामनेई मारे गए हैं। इसके अलावा ईरान के कई शहरों पर हमले जारी हैं तो वहीं ईरान ने भी जवाबी ऐक्शन लेते हुए इजरायल समेत आसपास के 6 सुन्नी मुस्लिम देशों पर भी अटैक किए हैं। इस बीच इजरायल ने भी जंग में एक और देश को घसीट लिया है। इजरायल पर हिजबुल्लाह की ओर से हमले किए गए थे और उसने जवाबी कार्रवाई करते हुए लेबनान पर बम बरसाए हैं। ये हमले लेबनान की राजधानी बेरूत पर किए गए हैं। हिजबुल्लाह ईरान समर्थिक उग्रवादी गुट है, जो लेबनान में सक्रिय रहा है। इसके अलावा हमास और हूती उग्रवादियों को भी ईरान के ही प्रॉक्सी गुट माना जाता है।



हिजबुल्लाह ने उत्तरी ईरान के हाइफा पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए थे। इस पर इजरायल ने जवाबी ऐक्शन लिया और लेबनान की राजधानी में फाइटर जेट्स से हमला किया है। हिजबुल्लाह ने यह कहते हुए हमला किया था कि हम अयातुल्लाह खामेनेई की हत्या का बदला ले रहे हैं। इसी पर अब इजरायल ने जवाबी ऐक्शन लिया है। हिजबुल्लाह ने एक बयान जारी कर कहा कि इजरायल ने हमारे नेता को हमारा है। अब हम भी चुप नहीं बैठ सकते। हम जवाबी ऐक्शन लेंगे। हमारे पास अधिकार है कि रक्षा करें और दुश्मन पर सही समय और सही जगह पर अटैक करें।

ईरान समर्थित समूह ने कहा कि बीते 15 महीनों से लगातार इजरायल हमारे ऊपर हमले कर रहा है। ऐसी स्थिति लगातार जारी नहीं रह सकती। उसे लेबनान से हटना होगा। इजरायल का लेबनान पर हमला एक और नए विवाद का मोर्चा खोलने जैसा है। लेबनान की सरकार लगातार हिजबुल्लाह से पल्ला झाड़ती रही है। ऐसी स्थिति में सीधे राजधानी में हमला करने से स्थिति बिगड़ सकती है। वहीं इजरायल का कहना है कि वह इस जंग को निर्णायक मोड़ पर ही खत्म करना चाहता है। हालांकि 2024 की जंग के बाद से हिजबुल्लाह कमजोर पड़ा है। लेबनान की सरकार का उसे समर्थन नहीं है और इजरायली हमलों में उसके ज्यादातर लोग मारे जा चुके हैं। खासतौर पर टॉप लीडरशिप को इजरायल ने चुन-चुनकर खत्म किया है।

**क्या है ईरान का ट्रिपल एच, जिस पर हमलावर है इजरायल :** बता दें कि हिजबुल्लाह, हमास और हूती को ट्रिपल एच कहा जाता रहा है। ये तीनों समूह ईरान के समर्थन वाले माने जाते हैं। ये सभी इजरायल के खिलाफ रहे हैं। अब गाजा में हमले कर इजरायल ने एक तरफ हमास को खत्म करने की कोशिशें की हैं तो वहीं लेबनान में मिसाइलें दागकर हिजबुल्लाह को निशाना बनाया है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार इजरायली हमले लेबनान के दक्षिणी इलाके में गांवों में हुए हैं। इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र में बेका वैली को भी टारगेट किया गया है।

# पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर वीजा सेवाएं स्थगित, हिंसक प्रदर्शन के चलते सुरक्षा अलर्ट जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बीच अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा चेतावनी जारी की है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि लाहौर और कराची में जारी प्रदर्शन और हिंसा, साथ ही इस्लामाबाद और पेशावर में अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, अमेरिकी कर्मचारियों को सीमित गतिविधि और घर पर रहने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा चेतावनी में अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचार पर नजर रखने, भीड़ से दूर रहने, अपने आसपास सतर्क रहने और अपने एसटीईपी रजिस्ट्रेशन को अपडेट रखने की सलाह दी गई है।

वीजा और अमेरिकी सेवाएं रद्द अमेरिकी दूतावास ने बताया कि कराची और लाहौर के वाणिज्य दूतावास, तथा इस्लामाबाद अमेरिकी दूतावास में 2 मार्च के सभी वीजा अपॉइंटमेंट और अमेरिकी नागरिक सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। 'रद्द कर देने चाहिए पाकिस्तानियों के सभी वीजा' गौरतलब है कि कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके बाद एक अमेरिकी रूढ़िवादी (कंजरवेटिव) कार्यकर्ता ने अमेरिका के विदेश विभाग से मांग की है कि पाकिस्तानियों के सभी वीजा, यहां तक कि ग्रीन कार्ड भी रद्द कर दिए जाएं। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री मार्को रुबियो को टैग करते हुए लिखा 'अमेरिकी विदेश विभाग को पाकिस्तानियों के सभी वीजा और ग्रीन कार्ड भी जब तक संभव हो, निलंबित कर देने चाहिए।' उनकी यह मांग कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास परिसर के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बाद आई है। लूमर ने दावा किया कि पाकिस्तान में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत से नाराज छह प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए, ये लोग अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के कड़ी सुरक्षा वाले परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आज दोपहर दोबारा घुसने की कोशिश करने के दौरान कई अन्य लोगों को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने उनकी इस मांग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# जापान : वोल्केनो आइलैंड्स पर आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

**हॉन्ग कॉन्ग, एजेंसी।** जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेस ने बताया कि सोमवार को सुबह 03:55 जीएमटी पर जापान के वोल्केनो आइलैंड्स क्षेत्र में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि इस भूकंप का केंद्र 10.0 किमी की गहराई पर था। इससे पहले 21 जनवरी 2026 को यूएसजीएस ने वोल्केनो आइलैंड्स, जापान क्षेत्र में 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया था, जिसकी गहराई 25.5 किमी (15.8 मील) थी। ईएमएससी ने भी इसी तीव्रता और गहराई की पुष्टि की।




भूकंप का केंद्र साइपन से 937 किमी उत्तर-पश्चिमोत्तर, टिनियन से 957 किमी उत्तर-पश्चिमोत्तर और गुआम (यिगो और डेडेडो) से लगभग 1,090 किमी उत्तर-पश्चिम-उत्तर में स्थित था। इस भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं था। वोल्केनो आइलैंड्स इजु-बोनिन-मैरियाना आर्क का हिस्सा हैं, जो एक सबडक्शन जोन है। यहां प्रशांत महासागरीय प्लेट फिलिपीनी सी प्लेट के नीचे दबती है। इस क्षेत्र में अक्सर मध्यम गहराई वाले भूकंप आते हैं, जो मुख्य रूप से इस दबती प्लेट में फॉल्टिंग की वजह से होते हैं।

इस क्षेत्र में 6.0-6.5 तीव्रता के भूकंप आम हैं और आमतौर पर सतही नुकसान या सुनामी का कारण नहीं बनते। जापान भी दुनिया के सबसे सक्रिय टेक्टोनिक क्षेत्रों में आता है, जहां गहरे महासागरीय खांचे और ज्वालामुखीय आर्क की जटिल चार-आर्क प्रणाली मौजूद है। देश के लगभग 80 प्रतिशत भूकंप यहीं से आते हैं, जो शक्तिशाली सबडक्शन फोर्स की वजह से होते हैं।

# 'हिजबुल्ला के इस्राइल पर हमले गैर-जिम्मेदाराना: लेबनान प्रधानमंत्री नवाफ सलाम

**लेबनान, एजेंसी।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने दक्षिणी लेबनान से इस्राइल की ओर दागे गए रॉकेट हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम देश की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं और इस्राइल को हमले जारी रखने का बहाना देते हैं। उन्होंने बिना किसी संगठन का नाम लिए कहा कि दक्षिणी लेबनान से रॉकेट लॉन्च करना गैर-जिम्मेदाराना और संदिग्ध कार्रवाई है, जो नागरिकों की सुरक्षा को जोखिम में डालती है और देश को नए संघर्ष की ओर धकेल सकती है।

**देश को किसी नई सैन्य टकराव में घसीटने नहीं देंगे :** प्रधानमंत्री सलाम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सरकार देश को किसी नई सैन्य टकराव में नहीं घसीटने देगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



**हिजबुल्ला ने क्या किया :** यह बयान ऐसे समय आया है जब उग्रवादी संगठन हिजबुल्ला ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के जवाब में लेबनान से इस्राइल की ओर कई रॉकेट दागे। नवंबर 2024 में लागू हुए युद्धविराम समझौते के बाद यह पहली बार है जब हिजबुल्ला ने इस्राइल पर इस तरह का हमला किया है।

**इस्राइल की कार्रवाई :** रॉकेट हमलों के बाद इस्राइल ने लेबनान के हिजबुल्ला नियंत्रित इलाकों पर हवाई हमले किए। इस्राइली डिफेंस फोर्स ने कहा कि उसने लेबनान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और हमलों के लिए हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया है। इस्राइली सेना के मुताबिक, एक रॉकेट को एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट कर लिया, जबकि बाकी खुले इलाकों में गिरे। उत्तरी इस्राइल में हमलों के दौरान एयर रेड सायरन बजाए गए। इस्राइल की आपातकालीन सेवा मागेन डेविड अदोम ने बताया कि हमलों में तत्काल किसी की मौत की सूचना नहीं है, हालांकि शेल्टर की ओर भागते समय कुछ लोगों को हल्की चोटें आईं। लेबनान और इस्राइल के बीच तनाव नवंबर 2024 के युद्धविराम के बाद से लेबनान की ओर से रॉकेट हमले बहुत कम हुए थे, लेकिन इस्राइल ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में खतरों को रोकने के नाम पर समय-समय पर हवाई हमले जारी रखे हैं। इससे एक दिन पहले हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम ने औपचारिक श्रद्धांजलि भाषण में अयातुल्ला खामेनेई की हत्या को अपराध की पराकाष्ठा बताया था। इसके बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

# मध्य पूर्व में फंसे हैं एक लाख से अधिक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक, विदेश मंत्री पेनी वोंग ने दी जानकारी

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने सोमवार को बताया कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली हमलों के कारण उड़ानें रद्द होने के बाद लगभग एक लाख से अधिक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक वर्तमान में मध्य पूर्व में फंसे हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन टीवी से कहा कि सरकार मध्य पूर्व में फंसे नागरिकों के लिए विशेष वापसी उड़ानें शुरू करने वाली है, लेकिन इससे पहले प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य (कमर्शियल) उड़ानों के दोबारा शुरू होने का इंतजार हो रहा है।



उन्होंने कहा, 'इस क्षेत्र में बहुत लोग हैं, इसलिए अगर हम लोगों को फिलहाल कमर्शियल उड़ानों से यात्रा करने में मदद कर सकें, तो वे सबसे जल्दी घर पहुंच पाएंगे। सोमवार को जारी एक बयान में वोंग ने कहा कि सरकार अब ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को बहरीन, ईरान, इराक, इजरायल, कुवैत, लेबनान, फिलिस्तीन, कतर, सीरिया, संयुक्त अरब अमीरात और यमन की यात्रा न करने की सलाह दे रही है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि लोगों को जॉर्डन, ओमान और सऊदी अरब की यात्रा करने से पहले दोबारा सोचने की जरूरत है।

जो ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पहले से ही मध्य पूर्व में हैं, उन्हें सरकार ने सलाह दी है कि वे वहां की स्थिति और स्थानीय खबरों पर नजर रखें। इसके साथ ही नागरिकों को अपनी यात्रा की जानकारी सीधे एयरलाइंस या ट्रैवल एजेंट से कंफर्म करने, अपने ट्रैवल इंश्योरेंस की जांच करने के साथ ही और ताजा जानकारी से अपडेट रहने के लिए कहा गया है। वोंग ने बताया कि विदेश मामलों और व्यापार विभाग ने मध्य पूर्व में मौजूद ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों की मदद के लिए एक सेंटर स्थापित किया है। उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि सरकार ने वहां तैनात लगभग 100 रक्षा कर्मियों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए नूर खान बेस पर अफगानिस्तान का हमला, मारे गए 35 पाकिस्तानी सैनिक



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं। इस कार्रवाई से दोनों पड़ोसी देशों के बीच हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई। तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रामक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा। यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार को काबुल और कंधार में एयरस्ट्राइक की थीं। इसके कुछ घंटों बाद ही अफगान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की वायुसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसे मई 2025 में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय भी निशाना बनाया गया था। उस हमले में बेस के ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा था।

टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान ने रात भर चले हमलों में 32 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनकी 203 मंसूरी, 201 सिलाब और 205 अल-बद्र कॉर्प्स ने इन ऑपरेशनों को पूरा किया। इस दौरान 10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, 10 घायल हुए और चार सैन्य चौकियां पूरी तरह तबाह हो गईं। अफगान सेना ने पाकिस्तान के दो सैन्य ड्रोन भी मार गिराए हैं।

# ईरान पर मिसाइलें बरसाने के लिए ब्रिटेन ने अमेरिका को दिया अपना मिलिट्री बेस

**लंदन, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में युद्ध के महायुद्ध में तब्दील होने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। ईरान पर अमेरिका और इजरायली हमले थमते नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं ईरान ने भी पूरी ताकत से पलटवार करते हुए खाड़ी देशों में अमेरिकी बेस को निशाना बनाया है। यूईए, कुवैत जैसे देशों में धमाकों की आवाजें गूंज रही हैं। इस बीच अब ब्रिटेन ने ईरान पर मिसाइलें बरसाने के लिए अपना मिलिट्री बेस अमेरिका को देने का ऐलान कर दिया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने रविवार को कहा है कि उनके देश ने ईरानी मिसाइलों के खिलाफ हमलों के लिए ब्रिटिश बेस का इस्तेमाल करने के लिए अमेरिका के अनुरोध को मान लिया है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो मैसेज शेयर करते हुए कहा, 'अमेरिका ने कुछ खास और लिमिटेड डिफेंसिव मकसद के लिए ब्रिटिश बेस का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी है। हमने ईरान को पूरे इलाके में मिसाइल दागने से रोकने के लिए इस अनुरोध को मानने का फैसला किया है।'

**क्या बोले स्टारमर :** हालांकि स्टारमर ने इस दौरान दोहराया है कि ब्रिटेन शनिवार को ईरान पर हुए अमेरिकी इजरायली एयर स्ट्राइक में शामिल नहीं था। उन्होंने ईरान पर आरोप लगाते हुए कहा कि ईरान ने पूरे इलाके में लगातार हमले किए हैं और उसकी मिसाइलों ने उन एयरपोर्ट और होटलों को निशाना बनाया है जहां ब्रिटिश नागरिक ठहरे हुए थे।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमले फैसला किया था कि ब्रिटेन ईरान पर हमलों



में शामिल नहीं होगा यह फैसला हमने सोच-समझकर लिया था क्योंकि हमारा मानना ??है कि इस इलाके और दुनिया के लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका बातचीत से समझौता करना है। लेकिन फिर भी ईरान ब्रिटिश हितों पर हमला कर रहा है और ब्रिटिश लोगों को बहुत बड़े खतरे में डाल रहा है।'

**ईरान ने खाई कसम :** ब्रिटिश प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात, कतर और कुवैत सहित अन्य खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। ईरानी कार्रवाई को अमेरिका और इजरायल द्वारा पहले किए गए संयुक्त हमलों का प्रतिशोध बताया गया है। ईरान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या का बदला लेने की कसम भी खाई है।

**साइप्रस में ब्रिटिश बेस पर ड्रोन से हमला :** इस बीच स्काई न्यूज ने ब्रिटिश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि साइप्रस में ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्स बेस अक्रोटिरी पर एक संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ है। साइप्रस ने भी ड्रोन हमले की पुष्टि की है जिसमें द्वीप पर एक ब्रिटिश बेस को निशाना बनाया गया है और काफी नुकसान भी हुआ है। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**बेल्जियम ने जब्त किया रूस का संदिग्ध शैडो फ्लीट तेल टैंकर : ब्रसेल्स, एजेंसी।** बेल्जियम के रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन ने रविवार को घोषणा की कि उनकी सेना ने रूसी शैडो फ्लीट के एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया है। एथेरा नामक यह जहाज यूरोपीय संघ की प्रतिबंध सूची में शामिल है और इसे जीब्रूग बंदरगाह ले जाया गया है। रक्षा मंत्री ने बताया कि जहाज पर फर्जी झंडे और दस्तावेजों के साथ चलने का संदेह है। यूक्रेन युद्ध के कारण लगे प्रतिबंधों से बचने के लिए रूस ऐसे टैंकरों का उपयोग करता है। फ्रेंकेन ने कहा कि रूस के युद्ध को रोकने के लिए इन जहाजों को हटाना जरूरी है। वहीं, रूस ने अपने जहाजों की जब्ती को समुद्री डकैती करार दिया है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com